जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT




Anarkali One Concubine, Two Emperors

There was an inherent rivalry between the Ottomans and the Mughals as to who would be called the Caliph of Islam and in whose name would the Khutba be read in Mecca

Types Of Pizza Around The World




# 'हमारी सरकार न पर्ची की है और न खर्ची की, यह धरती और धरती पुत्रों की है'

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर 2 घंटे जमकर जवाब दिया और विपक्ष को निरुत्तर किया


**-विधानसभा संवाददाता-**

जयपुर 30 जनवरी । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्यपाल के अभिभाषण का जवाब देते हुए विधानसभा में ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट, अवैध खनन, भ्रष्टाचार, गैंगवार और महिला अपराधों को लेकर विधानसभा में करीब 2 घंटे 8 मिनट तक पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जमकर पोल खोली। मु.मंत्री के जवाब के बाद विधानसभा की कार्यवाही 8 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

- **मु.मंत्री ने कहा, सरकार बनने के 45 दिनों में हमने ई.आर.सी.पी. का एम.ओ.यू. साइन किया, कांग्रेस पिछले 5 साल से राजनीति करती रही।**
- **उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस ने महंगी बिजली और घटिया कोयला खरीदकर प्रदेश का घाटा बढ़ाया, जो कोयला निजी कम्पनियों के प्लांट्स में 75 फीसदी तक बिजली उत्पादन करता था, वह सरकारी प्लांट में 50 फीसदी रिज़ल्ट देता।**

कांग्रेस विधायकों द्वारा पर्ची की सरकार बताने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तंज कसते हुए कहा, "हमारी सरकार न पर्ची की है और न खर्ची की, यह सरकार धरती और धरती पुत्रों की है। पिछली सरकार में बिना सेवा-पानी और बिना खर्ची के कोई काम नहीं होता था। प्रीपेड सेवा चालू हो गई थी, इतने ले आओ..इतने में काम हो जाएगा। बिना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*मुख्यमंत्री भजनलाल ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण का जवाब दिया और इस दौरान कई घोषणाएं की।*

# 'रिव्यु ऑर्डर्स अलमारी में रखने के लिए नहीं हैं'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंटरनैट सेवा बहाल करने के लिए दायर याचिकाओं पर दिए गए समीक्षा आदेश अलमारी में बंद रखने के लिए नहीं है। उन्होंने प्रशासन से इसे प्रकाशित करने के लिए कहा।

जस्टिस बी.आर. गवई और संजय करोल की बैंच ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन की तरफ से मौजूद एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज इस संबंध में निर्देश लेने के लिए और फिर कोर्ट को जानकारी देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया।

- **जम्मू कश्मीर में इंटरनैट पर प्रतिबंध से संबंधित रिव्यु ऑर्डर्स को प्रकाशित करने से संबंधित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की।**

बैंच फाउण्डेशन ऑफ मीडिया प्रोफैशनल्स द्वारा दायर याचिका की सुनवाई कर रही थी जिसमें केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्ष वाली समिति द्वारा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हमें नीतीश की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है'

## नीतीश कुमार के पाला बदलने पर राहुल गांधी ने पहली और दो टूक टिप्पणी की

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जनवरी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पिछले हफ्ते इण्डिया गठबंधन को त्यागने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में जद (यू) सुप्रीमो पर कटाक्ष करते हुए कहा कि "हमें उनकी जरूरत नहीं है।"

नीतीश कुमार को भाजपा की और धकेलने के लिए कथित रूप से जिम्मेदार ठहराए जा रहे राहुल गांधी ने बिहार के पूर्णिया में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हुई एक रैली में नीतीश कुमार पर पाला बदलने के लिए निशाना साधा और कहा कि विपक्ष के गठबंधन को ऐसा नेता नहीं चाहिए जो थोड़ा सा दबाव पड़ते ही यू-टर्न ले लेता है।

कुमार ने गत सप्ताहांत भाजपा से हाथ मिला लिया था। वह राहुल गांधी की एक टिप्पणी को लेकर प्रकट रूप से नाराज़ थे, जो उन्होंने 13 जनवरी को विपक्ष की एक मीटिंग में की थी।

जद (यू) नेता के नज़दीकी सूत्रों ने बताया था कि "इण्डिया गठबंधन में समन्वयक का पद, जिस पर कुमार की नज़रे थीं, को लेकर राहुल गांधी ने कहा था कि इसके बारे में वह ममता बनर्जी से विचार-विमर्श करेंगे।

- **भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत पूर्णिया रैली में राहुल गांधी ने नीतीश के बार-बार पाला बदलने का जमकर मज़ाक उड़ाया।**
- **हालांकि, कहा जा रहा है कि, नीतीश के पाला बदलने के पीछे राहुल गांधी जिम्मेवार हैं। नीतीश शुरू से ही इंडिया गठबंधन के संयोजक बनना चाहते थे, पर इंडिया गठबंधन की गत मीटिंग में जब संयोजक की घोषणा का मुद्दा उठा तो राहुल गांधी ने ममता बनर्जी से चर्चा करने की बात कही।**
- **बस इसके बाद ही नीतीश कुमार ने पाला बदलने का मानस बना लिया। ज्ञातव्य है कि, नीतीश दस साल में 5 बार निष्ठा परिवर्तन कर चुके हैं।**

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस नेता से नाराज़ कुमार 10 मिनट पहले मीटिंग छोड़कर चले गए थे। हालांकि, विपक्ष के नेताओं ने इसके कुछ ही समय बाद उन्हें संयोजक पद के लिए चुन लिया था, लेकिन कुमार ने वह ऑफर ठुकरा दिया क्योंकि वह पाला बदलने का मानस बना चुके थे।

कुमार ने एक दशक में पांचवीं बार खेमा बदला है, इसलिए विपक्ष के पास उन पर भरोसा नहीं करने की अपनी वजहें थी। राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मज़ाक उड़ाते हुए एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ई.डी. ने तेजस्वी यादव से 8 घंटे पूछताछ की

पटना, 30 जनवरी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए "नौकरी के बदले जमीन" मामले में उनके पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की।

ईडी के समन के बाद यादव पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे । सामान्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ईडी के 12 अफसरों की टीम ने पूछताछ शुरू की, जो लगभग आठ घंटे तक चली। इस दौरान उनसे करीब 60 सवाल किए गए।

यादव जब बाहर निकले तब पहले से वहां मौजूद उनके समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। यादव ने भी पूरे जोश के साथ हाथ हिलाया और विक्ट्री साईन दिखाया । इस दौरान ईडी कार्यालय के बाहर उनकी बड़ी, बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती और बड़े भाई पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के अलावा बड़ी संख्या में राजद के विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- **यह पूछताछ 2004 से 2009 के बीच हुए नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित मामले में की जा रही है।**
- **कल राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव से भी ई.डी. ने लम्बी पूछताछ की थी।**

नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े मामले की जांच ईडी कर रही है। आरोप के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक, केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील सरकार के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था । सोमवार को ईडी ने यादव से इस मामले में करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी ।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि, रेलवे की नौकरी के बदले लोगों की कीमती जमीन अपने परिजनों के नाम लिखवाने के मामले में लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव से पूछताछ के दौरान ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) पर दबाव बनाने और अफसरों को डराने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ जुटाना राजद के आपराधिक चरित्र का सूचक है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूर्णिया रैली में नहीं पहुंचे खड़गे

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष, मल्लिकार्जुन खड़गे, खराब मौसम के कारण, बिहार के पूर्णिया में आयोजित रैली में नहीं पहुंच सके। उन्होंने राहुल गांधी को स्वयं के लिए

- **खराब मौसम की वजह से रैली में नहीं पहुंच सके कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राहुल की जोरदार तारीफ की और कहा आज जब लोग छोटे-छोटे लाभ के लिए आत्मा बेच रहे हैं, ऐसे में राहुल ने त्याग, बलिदान और तपस्या का मार्ग चुना है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चंडीगढ़ में भाजपा के मेयर की जीत को हाई कोर्ट में चुनौती दी आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने

## आम आदमी पार्टी ने मेयर के चुनाव को फर्जी और धोखाधड़ी बताया

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जनवरी। चण्डीगढ़ मेयर के चुनाव में आज भारतीय जनता पार्टी के मनोज सोनकर ने आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को हरा दिया। इस जीत को आप के एक पार्षद ने पंजाब एण्ड हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए इसे " सम्पूर्ण धोखाधड़ी व जालसाजी का परिणाम" बताया तथा चुनाव प्रक्रिया रद्द करने की मांग की।

पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा आप और कांग्रेस के आठ वोट अमान्य होने की घोषणा आप उम्मीदवार की हार का मुख्य कारण बनी।

भाजपा का सामना कांग्रेस व आप गठबंधन से था। नवगठित विपक्षी गठबंधन इण्डिया एवं एन.डी.ए. के बीच यह पहली प्रतिस्पर्धा थी, जिसके पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी गठबंधन छोड़कर एन.डी.ए. में जा चुके हैं। सोनकर को 16 वोट और कुमार को 12 वोट मिले। चुनाव का परिणाम भी नाटकीय था, क्योंकि आठ वोट अमान्य घोषित कर दिए गए, जिसे लेकर आप और कांग्रेस पार्षदों ने भारी विरोध जताया। भाजपा ने 14 पार्षदों के साथ आप को पीछे छोड़ दिया, जिसके पास 13 पार्षद थे और कांग्रेस के पास सात।

- **प्रिसाइडिंग अधिकारी द्वारा आप और कांग्रेस के 8 मतों को अवैध करार दिए जाने के कारण भाजपा के मनोज सोनकर चार मतों से मेयर का चुनाव जीत गए।**
- **केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मेयर का चुनाव 18 जनवरी को होना था पर प्रिसाइडिंग अधिकारी की बीमारी का बहाना बनाकर इसे आगे सरका दिया गया, क्योंकि इसमें आप के जीतने की भारी संभावना थी।**
- **आप के पार्षद कुलदीप कुमार ने एक स्वतंत्र एजेंसी से सारे फर्जीवाड़े की जांच कराने की मांग की है।**

चुनाव परिणाम घोषित होने पर आप कन्वीनर व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भाजपा पर "चीटिंग" का आरोप लगाते हुए चुनाव प्रक्रिया को लेकर असंतोष जताया।

केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "यदि ये लोग मेयर के चुनाव में इस स्तर तक गिर सकते हैं तो राष्ट्रीय चुनावों में किसी भी हद तक जा सकते हैं।" पूर्व में, चण्डीगढ़ यूनियन टैरिटरी के मेयर के चुनाव, जिसका नियंत्रण केन्द्रीय गृह मंत्रालय के हाथ में है, 18 जनवरी को होने वाले थे। लेकिन, उन्हें इस आधार पर आगे सरका दिया गया कि, पीठासीन अधिकारी बीमार हैं, क्योंकि कांग्रेस व आप के एक साथ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग की वैज्ञानिक जांच हो'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जनवरी। ज्ञानवापी मस्ज़िद प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में हिंदू पक्ष ने कहा है कि हिंदुओं और भगवान शिव के भक्तों और सनातन धर्म को मानने वाले के शिवलिंग की पूजा करते हैं तथा मुस्लिमों के लिए इसका कोई धार्मिक महत्व नहीं है। मुस्लिमों के अनुसार यह कथित रूप

- **हिन्दू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर यह मांग की और कहा कि, शिवलिंग हिन्दुओं के लिए धार्मिक महत्व रखता है मुस्लिमों के लिए नहीं, वे इसे फव्वारा बता रहे हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुस्लिम नेता से मिल रही चुनौती ने नींद उड़ाई तृणमूल नेतृत्व की

## तृणमूल नेतृत्व मुस्लिम वोट बैंक पर अपना नियंत्रण कायम रखने के लिए बहुत ज्यादा चिंतित है

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 30 जनवरी। चौतरफा दबाव में घिरी तृणमूल कांग्रेस अब इस बात को लेकर चिन्तित है कि राज्य के मुस्लिम वोटर्स पर अपनी एकछत्र पकड़ को किस तरह से बरकरार रखा जाए।

तृणमूल, नौशाद सिद्दीक़ी को रोकने का प्रयास कर रही है। वह इण्डियन सैक्यूलर फ्रंट के नेता हैं। यह फ्रंट मूलतः अल्पसंख्यकों का एक संगठन है, जिसका उद्देश्य सत्तारूढ़ कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के विरूद्ध लोगों को लामबंद करना है। सिद्दीक़ी ने तृणमूल महासचिव के विरूद्ध डायमण्ड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने का प्रण किया है।

अभिषेक बनर्जी गत चुनावों से डायमण्ड हार्बर संसदीय सीट से चुनाव लड़ते आए हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल उनके विरूद्ध किसी प्रबल विपक्ष को खड़ा करने के सभी प्रयासों को अपनी चालों से निष्फल कर चुकी है।

नौशाद सिद्दीक़ी ने खुलासा किया कि तृणमूल कांग्रेस उनके परिजनों व रिश्तेदारों से सम्पर्क साधकर उन्हें यह समझा रही है कि वह डायमण्ड हार्बर से चुनाव ना लड़े। सिद्दीक़ी ने कहा कि वह यहां से चुनाव लड़ने और तृणमूल महासचिव का मुकाबला करने के अपने निर्णय पर अडिग हैं।

इससे राज्य में तृणमूल कांग्रेस के भविष्य पर भारी असर पड़ेगा, क्योंकि तृणमूल के भावी उत्तराधिकारी को इस मौके पर दी गई कोई प्रभावी चुनौती, समाज के सभी वर्गों का अविवादित नेता होने के पार्टी के दावे की जड़ें हिला सकती हैं।

स्मरण रहे कि भाजपा के कुछ राष्ट्रीय नेताओं को डायमण्ड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में रैलियां संबोधित नहीं करने दी गई थी और तृणमूल के गुण्डों ने उनके काफिलों पर हमले किए थे। कुछ नेताओं ने इस पर कार्रवाई का वादा किया था किन्तु हुआ कुछ भी नहीं।

- **विधायक नौशाद सिद्दीकी ने ना केवल तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी के खिलाफ मुसलमानों को एकजुट करने के लिए इंडियन सैक्युलर फ्रंट बनाया है, बल्कि अभिषेक बनर्जी को उनकी "सेफ सीट", डायमंड हार्बर से चुनौती देने का मानस भी बना लिया है।**
- **डायमंड हार्बर वह सीट है, जहां तृणमूल समर्थक विपक्ष की सभा तक नहीं होने देते हैं, पर इस बार एक मुस्लिम नेता से मिल रही चुनौती ने तृणमूल नेतृत्व की नींद हराम कर दी है।**
- **तृणमूल नेतृत्व मुस्लिम नेता से मिल रही चुनौती से इस कदर चिंतित है कि, नौशाद के परिजनों, रिश्तेदारों व दोस्तों के जरिए उनकी मान मनौव्वल में जुटा हुआ है।**

तथापि, कोई मजबूत मुस्लिम उम्मीदवार इस निर्वाचन क्षेत्र में माहौल बदल सकता है। यहां अधिकांश वोटर मुस्लिम हैं, लेकिन तृणमूल का यह वोट बैंक इन दिनों स्पष्ट रूप से विभाजित हो रहा है। नौशाद सिद्दीक़ी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में तृणमूल के लिए स्थिति जटिल बना रहे हैं।

सिद्दीक़ी के फ्रंट ने पिछले पंचायत चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए कोलकाता के निकट बांगुर निर्वाचन क्षेत्र में स्थितियां नाजुक बना दी थीं। तृणमूल ने इस फ्रंट की चुनौतियों को देखते हुए इस क्षेत्र में नौशाद सिद्दीक़ी के नवोदित जनाधार पर भारी हमले किए थे। प्रतिद्वंदी गुटों से ताल्लुक रखने वाले अल्पसंख्यकों और बीसीयों समर्थकों की बांगुर दंगों में मौत हो गई थी।

इस बीच, एक घटना को लेकर राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है। कोलकाता से कुछ दूर स्थित नरेन्द्रपुर क्षेत्र के स्कूल पर एक हमला हुआ, जिसमें तृणमूल के कुछ पंचायत नेता भी शामिल थे।

अपराधी तत्व स्कूल के प्रधानाध्यापक से मिलीभगत कर स्कूल परिसर में दाखिल हुए। उन्होंने टीचर्स रूम में ही शिक्षकों की जमकर पिटाई की। स्थानीय गुण्डों द्वारा शिक्षकों की बेरहमी से मारने का वीडियो वायरल हुआ। उसे कुछ स्थानीय टी.वी. चैनल्स पर विस्तृत रूप से दिखाया गया।

पिटाई की तस्वीरों से हमलावरों की पहचान स्पष्ट होती है। शिक्षकों की शिकायत है कि प्रधानाध्यापक ने ही अपराधियों के लिए स्वयं स्कूल गेट खोला था। उसके साथ ही पार्टी के दो पंचायत प्रधानों को भी घटना का आरोपी बताया जा रहा है।

इसके बावजूद, अब तक अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है और उनके बारे में कोई सुराग भी हाथ नहीं लगा है। विपक्षी पार्टियों का कहना है कि राज्य प्रशासन की पहल पर ही ऐसा हो रहा है।

ई.डी. की टीम पर घातक हमला करवाने के मुख्य आरोपी का एक माह बीत जाने के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा है। ई.डी. की टीम तृणमूल के एक पंचायत प्रधान और तृणमूल के एक अहम व्यक्ति से पूछताछ करने गई थी। शेख शाहजहां पर राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री के साथ मिलीभगत का राशन स्कीम के फण्ड्स की चोरी का आरोप है। ऐसी घटनाएं अब आए दिन हो रही हैं, जिनसे पुलिस की पूर्ण विफलता प्रदर्शित होती है। लोगों पर हमले अब कोई नई बात नहीं है और जैसी कि यहां उम्मीद की जाती है, पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है।

## विचार बिन्दु

**विचित्र बात है कि सुख की अभिलाषा मेरे दुःख का एक अंश है। –खलील जिब्रान**

# चिकित्सक की गलती मानने से पहले जटिल चिकित्सा विज्ञान को समझें

वह ज़माना तो गया जब डॉक्टरों को भगवान के रूप में माना जाता था। मेडिकल सर्वोच्च नैतिक आदर्शों वाला पेशा हुआ करता था, जिसमें लोग अमीर हो जाने के लिए नहीं मानव सेवा की भावना से शामिल होते थे। फिर धीरे-धीरे यह सवाल उठने लगा कि डॉक्टर भी उन सुविधाओं की अपेक्षा क्यों न करें जिन्हें अन्य पेशे के लोग अपनी कमाई के बल पर हासिल करते हैं। इसके साथ ही रोग निदान और औषध के क्षेत्र में नई खोजों और मशीनों के विकास की जो क्रांति आई वह उद्योग और व्यवसाय की पूंजी के काबू में थी जहां मुनाफा बढ़ाना ही एक मात्र लक्ष्य होता है। इसी कारण चिकित्सा उपकरण और औषध उत्पादन का काम शस्त्र निर्माण के बाद दुनिया का सबसे बड़ा उद्योग बन गया। चिकित्सक का पेशा जो दर्द में रोगी की चिकित्सक द्वारा मदद का था वह कारोबार बन कर सेवा प्रदाता और ग्राहक के बीच वाला रिश्ता बन गया, जिसमें तनाव की स्थितियां बनना स्वाभाविक था। जब चिकित्सा का पेशा कारोबार बना तो लोकतान्त्रिक राज्य में हालात से निबटने के लिए कानूनों की जरूरत पड़ी और शनैः शनैः एक के बाद एक कानून बने और जरूरतों के अनुसार परिष्कृत भी हुए। परंतु कानून और उनका किसी परिस्थिति में न्यायिक विवेचन पर हमेशा सवाल भी उठते रहे हैं। स्वास्थ्य देखभाल का क्षेत्र बड़ा नाजुक है। वहां सटीक निदान, प्रभावी उपचार, और रोगी की बेहतर देखभाल की नींव होता है। गलत निदान से रोगियों पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिससे उन्हें लंबे समय तक पीड़ा भोगनी पड़ सकती है, अनावश्यक उपचार कराना पड़ सकता है और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। जब ऐसी त्रुटियां या दुर्घटनाएं होती हैं, तो स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि क्या गलत निदान को चिकित्सकीय लापरवाही माना जाए? चिकित्सीय लापरवाही के आचरण को स्थापित करने के लिए यह जानना जरूरी है कि गलत निदान क्यों हुआ? उसमें योगदान देने वाले कौन से कारक थे? चिकित्सा में सटीक निदान इसलिए महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह उपचार की दिशा निर्धारित करता है और रोगी के उपचार पर सीधा असर डालता है। जहां एक सही निदान समय पर उचित चिकित्सकीय हस्तक्षेप को सक्षम बनाता है, जिससे रोगी के शीघ्र ठीक होने की सर्वोत्तम संभावना सुनिश्चित होती है वहीं एक गलत निदान रोगी के लिए प्राणघातक भी साबित हो सकता है। गलत निदान उसे माना जाता है जब एक चिकित्सा पेशेवर किसी मरीज की चिकित्सा स्थिति की सही पहचान करने में विफल रहता है या गलत तरीके से एक बीमारी को दूसरी बीमारी मान लेता है। चिकित्सक की इस त्रुटि के कारण अपर्याप्त या अनुपयुक्त उपचार हो सकता है, जिससे रोगी को नुकसान हो सकता है।

गलत निदान में योगदान देने वाले अनेक कारक माने जाते हैं, जैसे जटिल चिकित्सा स्थितियां, सीमित समय और संसाधन, संज्ञानात्मक पूर्वाठाह और अपर्याप्त संचार। कुछ चिकित्सीय स्थितियों में ऐसे लक्षण होते हैं जो अन्य बीमारियों से मेल खाते हैं, जिससे निदान चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे मामलों में, चिकित्सा पेशेवरों को रोगी की बीमारी के मूल कारण का सटीक पता लगाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य देखभाल की अतिव्यस्त व्यवस्था में, चिकित्सकों को अक्सर समय की कमी और सीमित संसाधनों का सामना करना पड़ता है, जिससे पूरी तरह से रोगी की जांच करवाने या उसके व्यापक परीक्षण करवाने की उनकी क्षमता पर असर पड़ सकता है। इससे गलत निदान की संभावना बढ़ जाती है। संज्ञानात्मक पूर्वाग्रह भी चिकित्सक के निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं और उससे नैदानिक गलती हो सकती है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच कम्यूनिकेशन में थोड़ी सी असावधानी भी गलत निदान में योगदान दे सकती है। जब रोगी की आवश्यक जानकारी प्रभावी ढंग से अस्पताल में आपस में साझा नहीं की जाती है, तो महत्वपूर्ण सुराग छूट सकते हैं, जिससे चिकित्सा स्थितियों की सटीक पहचान में बाधा आ सकती है। लेकिन चिकित्सीय लापरवाही तब होती है जब डॉक्टर या स्वास्थ्य देखभाल करने वाला रोगी की देखभाल के स्वीकृत मानकों से भटक जाता है, जिसके परिणामस्वरूप रोगी को नुकसान होता है। गलत निदान को चिकित्सीय लापरवाही मानने के लिए, यह साबित होना जरूरी होता है कि चिकित्सक का निर्णय या चूक समान परिस्थितियों में अपेक्षित देखभाल के मानक के अनुरूप नहीं था। चिकित्सीय लापरवाही स्थापित करने के लिए, यह प्रदर्शित करना भी आवश्यक होता है कि गलत निदान किसी से न होने वाली त्रुटि थी। कोई अन्य सक्षम और कुशल स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर भी यदि वह त्रुटि कर सकता है तो वह त्रुटि लापरवाही नहीं कही जा सकती है। इसलिए केवल निदान संबंधी त्रुटियों को आवश्यक रूप से चिकित्सकीय लापरवाही नहीं मानी जा सकता। गलत निदान से जुड़े चिकित्सीय लापरवाही के मामलों में, गलत निदान और रोगी को होने वाले नुकसान के बीच सीधा संबंध स्थापित करना महत्वपूर्ण होता है। यदि गलत निदान से महत्वपूर्ण नुकसान नहीं हुआ या चिकित्सीय लापरवाही का कोई बुरा परिणाम नहीं हुआ, तो इसे कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं माना जा सकता है।

**दूरसंचार और टेलीमेडिसिन के आधुनिक युग में अब दूर बैठे विशेषज्ञों से राय लेना संभव हो गया है। हेल्थकेयर पेशेवर डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपस में सहयोग कर सकते हैं। लेकिन, इस सुविधा में संभावित जोखिम को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता हैं क्योंकि भौतिक दूरी और कंप्यूटर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता से गलत निदान और बाद में गलत उपचार की आशंका बनी रहती है।**

उन्नत चिकित्सा उपकरणों, बेहतर निदान विधियों और अत्याधुनिक उपचार विकल्पों की उपलब्धता के कारण रोगियों और उनके परिवारों की चिकित्सा पेशे से उम्मीदें बढ़ गई हैं। विभिन्न वित्तीय विकल्पों और बीमा कवरेज अक्सर रोगियों को उन्नत नैदानिक परीक्षणों और उपचारों का अनावश्यक चयन करने के लिए प्रेरित करता है। ऐसी स्थितियों में, जो मरीज़ किसी भी राशि का भुगतान करने को तैयार होते हैं, वे अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से भी बदले में अधिक लाभ की आशा करते हैं। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि अच्छी तरह से सुसज्जित अस्पतालों के बावजूद, सटीक निदान और प्रभावी उपचार के लिए प्राथमिक ध्यान हमेशा डॉक्टर की क्षमता, ज्ञान और कौशल पर होना चाहिए। सटीक निदान और तर्कसंगत दवा चिकित्सा का संयोजन ही अंततः आज के प्रतिस्पर्धी स्वास्थ्य देखभाल वातावरण में सकारात्मक को प्रतिष्ठा कर सकता है। गंभीर आपातकालीन स्थितियों में, प्राथमिक उद्देश्य मानव जीवन को बचाना होता है, और आपातकालीन प्रबंधन के दौरान किसी भी निदान या निर्णय व त्रुटियों को लापरवाही नहीं माना जा सकता। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता का तत्काल ध्यान रोगी के जीवन को बचाने पर होता है। जब आपातकालीन स्थिति से सफलतापूर्वक निबट लिया जाता है, तब निदान को सत्यापित करने और उचित उपचार के साथ आगे बढ़ने के लिए आगे की जांच की जा सकती है। कुछ उदाहरणों में, जैसे कि अत्यंत दुर्लभ मेटाबोलिज़्म या आनुवंशिक विकार, के रोग असामान्य लक्षण प्रदर्शित कर सकते हैं, जिससे मानक सुविधाओं और परीक्षणों के साथ उनका निदान चुनौतीपूर्ण हो जाता है। अत्यधिक परिश्रम और सावधानी के बावजूद, ऐसे मामलों में त्रुटियां होनी संभव है। सटीक निदान सुनिश्चित करने के लिए जटिल मामलों को नवीनतम और सबसे उन्नत जांच विधियों से सुसज्जित विशेष केंद्रों को भेजने की सलाह दी जाती है। हालांकि इनमें से कुछ बीमारियां लाइलाज हो सकती हैं, लेकिन रोगी और उनके परिवार को बीमारी की प्रगति और पूर्वानुमान को प्रभावी ढंग से समझाने के लिए सटीक निदान की जरूरत होती है। दूरसंचार और टेलीमेडिसिन के आधुनिक युग में अब दूर बैठे विशेषज्ञों से राय लेना संभव हो गया है। हेल्थकेयर पेशेवर डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपस में सहयोग कर सकते हैं। लेकिन, इस सुविधा में संभावित जोखिम को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता हैं क्योंकि भौतिक दूरी और कंप्यूटर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता से गलत निदान और बाद में गलत उपचार की आशंका बनी रहती है। हालांकि स्वास्थ्य देखभाल में प्रभावी उपचार और रोगी देखभाल के लिए सटीक निदान एक मौलिक आवश्यकता होती है, लेकिन गलत निदान में चिकित्सीय लापरवाही के मुकदमों का निबटारा करते हुए अदालतों के लिए भी विभिन्न कारकों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता होती है जिसके अभाव को लेकर चिकित्सा विशेषज्ञों में बेचैनी होना स्वाभाविक है। विशेषज्ञों का मानना है कि आमतौर पर अदालतें वादी ने जो लिख कर दिया उसी पर प्रतिवादी से पैरेवार जवाब मांगती है और दोनों पक्षों की दलीलों को पढ़ और सुन कर फैसला देते हुए वे कई बार रोगी के जटिल चिकित्सकीय विवरण को ठीक से या गहराई से पढ़ने या समझने में चूक जाती हैं। किसी रोगी को नुकसान चिकित्सकीय चूक या लापरवाही से हुआ है अथवा उसके शरीर की अपनी जटिल प्राकृतिक प्रतिक्रिया के कारण से हुआ है इसका निर्धारण केवल विधि से अथवा सामान्य बुद्धि से नहीं हो सकता। न्यायिक प्रक्रिया में ऐसी परिस्थिति से निपटने का उपाय मौजूद है। अदालत चाहे तो किसी मामले में विशेषज्ञ चिकित्सक की राय लेकर उसके प्रकाश में मुकदमें का फैसला कर सकती है। ऐसा कुछ मामलों में तो होता है मगर सभी मामलों में नहीं होता। इसलिए अदालतें यदि ऐसे मुकदमों की सुनवाई करते वक़्त मामले की चिकित्सकीय गहराई में जाएं और मामलों को विधि के साथ चिकित्सकीय दृष्टि से समझ कर फैसले करें ऐसी अपेक्षा करना भी गलत नहीं है। दूसरी तरफ चिकित्सा में प्रोटोकॉल का पालन करना सबसे जरूरी होता है। विज्ञान में, प्रोटोकॉल बनाये जाते हैं और उनकी कठोरता से पालना होती है। विज्ञान में नई चीज़ों को आज़माने और रचनात्मक होने को प्रोत्साहित किया जाता है। लेकिन उसके साथ ही यह सतर्कता भी जरूरी है कि चिकित्सा के क्षेत्र में, बहुत अधिक रचनात्मक नहीं हुआ जा सकता है। क्लिनिकल मेडिसिन अविश्वसनीय रूप से एक महान पेशा है जिसे सही तरीके से समझना आवश्यक है। यह भी कि चिकित्साकर्म में विज्ञान के साथ-साथ सार्वजनिक सेवा भी निहित है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# मुख्यमंत्री की पहल पर पूर्वी राजस्थान की जीवन रेखा ई.आर.सी.पी. परियोजना का सपना होता साकार

## राजस्थान नहर के बाद यह अपने आप में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

राजनीतिक आलोचना-प्रत्यालोचना को अलग कर दिया जाए तो यह साफ है कि पीकेसीईआरसीपी परियोजना के क्रियान्वयन की राह प्रशस्त होना प्रदेश के लिए देखा जाए तो बहुत बड़ी उपलब्धि है। भले ही पीकेसी ईआरसीपी से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के नागरिकों और किसानों को सीधा-सीधा लाभ मिलेगा पर इसमें कोई दो राय नहीं कि राजस्थान, पंजाब और केन्द्र सरकार के साथ संपन्न एमओयू राजस्थान के लिए किसी भागीरथी वरदान से कम नहीं हैं। क्योंकि इससे प्रदेश में पेयजल, सिंचाई के लिए पानी, औद्योगिक विकास, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और इसी तरह के अनेक फायदे सीधे-सीधे होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गॉरन्टी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा कार्यभार संभालने के एक माह से भी कम समय में राजस्थान के लिए जीवनीदायी इस परियोजना पर सहमति बनवाना और एमओयू कर क्रियान्वयन के स्तर पर लाना अपने आप में बड़ी बात है। देखा जाए तो राजस्थानवासियों के लिए यह साकार होता हुआ सपना है।

करीब-करीब 20 साल पुराना सपना पार्वती-कालीसिंध-चंबल इस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना को लेकर केन्द्र सरकार, राजस्थान व मध्यप्रदेश के बीच संपन्न करार के साथ ही साकार होने लगा है। राजस्थान नहर के बाद यह अपने आप में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिससे 13 जिलों के रहवासियों की सभी तरह की पानी की जरुरत पूरी हो सकेगी। इसके साथ यह भी महत्वपूर्ण होगा कि हर साल बरसात सीजन में बाढ़ के कारण जन-धन और फसलों की बर्बादी का कारण बनने वाला यह पानी पानी की समस्या से जूझ रहे प्रदेशवासियों के काम आ सकेगा। बेकार बह जाने वाला पानी संग्रहित होगा, धरती, यहां के निवासियों और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आ सकेगा।

दरअसल नदियों के बरबाद होते पानी का सही उपयोग तय करने के लिए 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना आरंभ की थी। यह योजना सिरे से चढ़ती उससे पहले ही 2004 में नई सरकार आते ही इस परियोजना को ठंडें बस्ते में ड़ाल दिया गया। इसके बाद 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जारी रखने के केन्द्र सरकार को निर्देश दिए। राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण द्वारा 44605 करोड़ की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है। गंगानदी पर करीब एक हजार बांध हैं तो गोदावरी पर 350 के आसपास बांध है। इन बांधों पर पानी को सहेजते हुए नदियों के पानी को अनुपयोगी व बर्बादी का कारण बनने से बचाने के स्थान पर क्षेत्रों में पानी की समस्या का समाधान किया जाता है। मोटे रुप से देखा जाए तो नदियों को जोड़ने से पानी की बर्बादी यानी कि बाढ़ के कारण तबाही व समुद्र में समाहित होने से बचाकर पानी की समस्या के समाधान के लिए तो किया ही जा सकता हैं।

वहीं सूखे की समस्या का हल, खेती के लिए पानी की उपलब्धता और लोगों के पेयजल की समस्या का समाधान संभव है। राजस्थान नहर इसका जीता-जागता उदाहरण है जिससे मरु प्रदेश और सर्वाधिक उपजाऊ और उत्पादक हिस्सा बनने के साथ ही समग्र विकास का माध्यम बन गई है।

जहां तक पार्वती, कालीसिंध, चंबल ईस्टर्न राजस्थान केनाल परियोजना का प्रश्न है। यह राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार व केन्द्र से सहमति नहीं बनने के कारण लंबे समय से आगे नहीं बढ़ पा रही थी। 13 जिलों, 9 लोकसभा क्षेत्रों और करीब 83 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी होने के कारण यह परियोजना राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का कारण भी रही है। अब राजस्थान, मध्यप्रदेश और केन्द्र सरकार की आपसी सहमति और करार होने से परियोजना पर जल्दी ही काम शुरु होने की संभावना है। इस परियोजना से राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों को ही लाभ होगा। एक मोटे अनुमान के अनुसार इस परियोजना पर 45 हजार करोड़ रु. के व्यय होने की संभावना है जिसमें 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा वहन की जाएगी। छोटे-मोटे 30 से ज्यादा बांध बनाये जायेंगें। 5 से 6 साल में यह परियोजना पूरी हो सकेगी। इसके बाद 13 जिलों के करीब 2 लाख 80 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इन जिलों के निवासियों की पेयजल की समस्या का समाधान भी हो सकेगा। इस सबके साथ ही पानी की उपलब्धता के कारण नए उद्योग धंधें आयेंगे और इससे रोजगार व समग्र विकास संभव हो सकेगा। इस परियोजना क्षेत्र में राज्य के झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर और धौलपुर जिलों के निवासी लाभान्वित हो सकेंगे। यह कोई छोटा मोटा क्षेत्र नहीं है। हांलाकि तीनों में सहमति के बाद एमओयू होने पर इसके राजनीतिक लाभ हानि का आकलन राजनीतिक दलों द्वारा किया जा रहा है। पर इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि आने वाले समय में यह परियोजना पूर्वी राजस्थान की जीवन रेखा बन जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गॉरन्टी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की प्राथमिकता और पहल को इसका श्रेय जाता है और निश्चित रुप से यह बधाई का कार्य है।

–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,
(वरिष्ठ लेखक)

# "पधारो म्हारे देश" का प्रभावी विपणन हो



डॉ. अरुणा व्यास

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ जयपुर की यात्रा का अपना एक वीडियो हाल ही सोशल मीडिया पर पर साझा किया है। यह विडियो राजस्थान की 'पधारो म्हारे देश' की राजस्थान की आवभगत और पर्यटन विशेषताओं का महती दस्तावेज है। इस तरह की यात्राओं का यही बड़ा महत्व है कि इससे किसी स्थान की पर्यटन मांग तेजी से बढ़ती है। पर्यटन अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का बड़ा आधार भी है, पर्यटन स्थल और वहां की संस्कृति का प्रभावी विपणन। इस संबंध में कारगर नीति पर यदि कार्य किया जाता है तो इसके भविष्य में दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं।

यह बात गौर करने की है कि भारत आने वाला हर तीसरा पर्यटक राजस्थान आता है। इसकी खास वजह यहां के पर्यटन स्थल तो है ही साथ ही वह अपनत्व की संस्कृति भी है जिसमे पावणों यानी मेहमानों के लिए विशेष आदर भाव है। पर्यटन की जितनी विविधता राजस्थान में है उतनी किसी दूसरे प्रदेश में नहीं है। समुद्र और बर्फ के अलावा सब कुछ तो है राजस्थान के पर्यटन में। दूर तक फैले रेत के धोरे, किले, महलों के साथ ही झीलें, कलात्मक स्थापत्य से संपन्न बावड़ियां और तालाबों के अलावा अरावली की पर्वत श्रृंखला से जुड़े पर्यटन स्थल यहां आने वाले पर्यटकों को अपने सौन्दर्य से मुग्ध करते है। गौरवमयी इतिहास से जुड़ी कथा-कहानियां, रंग-रंगीली संस्कृति और उत्सवप्रिय यहां के लोगों की आवभगत आने वाले पर्यटकों को अपना बना लेती है। यही कारण है कि सुदूर देशों से पर्यटक एक बार यहां आता है तो फिर बार-बार आता है।

राजस्थान में पर्यटन की परम्परा आरंभ से ही रही है। तब से ही जब रियासतों का एकीकरण नहीं हुआ था। राजा-महाराजाओं ने पर्यटन के महत्व को देखते हुए ही अपने किले-महलों के द्वार सुदूर देषों से आने वाले पर्यटकों के लिए खोल दिए थे। बाद में जब रियासकों का एकीकरण हुआ तो बड़ा संकट उन राजपूत ठिकानेदारों के सामने यह भी खड़ा हो गया कि कैसे बड़े-बड़े किले-महलों की सार संभाल करें। पूर्व मुख्यमंत्री रहे और बाद में उप राष्टप्रति बने स्व. भैरोंसिंह शेखावत की पहल से तब एक महत्वपूर्ण पहल राजस्थान में 'हेरिटेज होटल' योजना के अंतर्गत हुई। पचहत्तर वर्ष से पुरानी हवेली, किले महल आदि को 'हेरिटेज' की श्रेणी में रखते पर्यटन की दृष्टि से उनके संवर्धन और विकास पर रियायत, अनुदान की शुरुआत हुई और देखते ही देखते प्रदेशभर में हेरिटेज होटलों की एक शृंखला बनती चली गई। आज भी सर्वाधिक 'हेरिटेज होटल' राजस्थान में हैं। इससे न केवल हमारी ऐतिहासिक धरोहरों को संजोया जा सका बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी राजस्थान में आकर्षण में तेजी से इजाफा हुआ।

यह सही है, पर्यटन की प्रदेश में अभी भी अपार संभावनाएं हैं परन्तु जितनी आय पर्यटन से राजस्थान को होनी चाहिए हो नहीं रही है। बड़ा कारण यह है कि पर्यटन का सुव्यवस्थित पर्यटन ढ्रांचा अभी पूरी तरह से विकसित नहीं है। जरूरत इस बात की है कि प्रदेश की पर्यटन क्षमताओं को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नीतियां बने। इसके लिए सबसे बड़ी जरूरत पर्यटन शिक्षा के ढांचे को सुदृढ करने की भी है। उद्योग के रूप में पर्यटन कैसे संचालित हो, इस पर तो वर्तमान पर्यटन शिक्षा में जोर दिया गया है परन्तु तीर्थाटन से पर्यटन की हमारी विरासत वहां नदारद है। घुम्मकड़ी से जुड़ा भारतीय दर्शन वहां बहुत से स्तरों पर नहीं है। यह होगा तभी हम संस्कृति के संरक्षण के साथ पर्यटन का प्रभावी विकास कर पाएंगे। यह समझे जाने की जरूरत है कि पर्यटन जन उद्योग है, इसका संचालन अन्य उद्योगों की भांति नहीं किया जा सकता। इसके लिए आम जन को जोड़ना अधिक जरूरी है।

जरूरी यह भी है कि राज्य में उपलब्ध पर्यटन सुविधाओं का व्यावहारिकता के स्तर पर आकलन कर उनका विकास किया जाए। अभी चिर-परिचित स्थानों के विपणन पर तो बहुत कुछ किया जा रहा है परन्तु बहुत से कम जाने-पहचाने स्थानों के विकास पर ध्यान नहीं है। उन पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। पर्यटन पथों का इस तरह से विकास किए जाने की भी जरूरत है कि पर्यटन पैकेज के रूप में कम परिचित स्थानों का दृश्यावलोकन कर सके। इसके साथ ही धार्मिक और घरेलू पर्यटन पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

जरूरत इस बात की भी है कि राज्य सरकार अपने कर्मियों को पर्यटन के लिए प्रोत्साहित करने की नीति पर भी कार्य करे। इन्टरनेट को टूर नेट के रूप में विकसित करने की पहल करें। पर्यटन केन्द्रों पर लेखकों, पत्रकारों की यात्रा भी इस दिशा में सकारात्मक पहल हो सकती है। लेखक, पत्रकारों को कम चर्चित पर्यटन स्थलों पर ले जाया जाए। वे वहां जाएंगे तो उन स्थानों के सौन्दर्य और संभावनाओं पर लिखेंगे, स्वाभाविक ही है कि जितना खर्च उनके विज्ञापन पर नहीं खर्च करना पड़ेगा उससे अधिक सरकार का प्रचार हो जाएगा। मूल बात है कि हम राज्य के पर्यटन का विपणन इस रूप में करें कि पर्यटकों के आकर्षण के साथ ही यहां की उन पर्यटन क्षमताओं का भी अधिकाधिक दोहन हो सकें, जिन पर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। इसी से पर्यटन में राजस्थान अग्रणी हो सकता है।

**- डॉ. अरुणा व्यास, सामयिक विषयों की टिप्पणीकार**

# शहीद दिवस ( Martyrs Day )



डॉ. जे.के. गर्ग

आईये जानिये कि हमारे देश के अंदर 30 जनवरी के अतिरिक्त किन-किन दिन शहीद दिवस को मनाया जाता है । आपको यह जान कर के आश्चर्य होगा कि 23 मार्च, 13 जुलाई, 17 नवम्बर और 19 नवम्बर को देश के विभन्न राज्यों में शहीद दिवस मनाया जाता है । 23 मार्च को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अंग्रेजों ने फांसी पर लटका दिया गया था, उनकी स्मृति में देश के कई प्रांतों में शहीद दिवस मनाया जाता है । 13 जुलाई 1931 को कश्मीर में राजा हरि सिंह की अंग्रेजी सैनिकों ने लोगों की हत्या कर दी थी । इस भयावह घटना चक्र में 22 लोग मारे गये थे । उन 22 लोगों की याद में हर वर्ष 13 जुलाई को जम्मू और कश्मीर में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता हैं । शेरे है पंजाब के नाम से प्रसिद्ध महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की मृत्यु साइमन कमीशन के विरूद्ध के प्रदर्शन करते समय अंग्रेजी पुलिस के लाठियों के प्रहार से हो गयी थी (तब लालाजी नें कहा था मुझे मारी गई एक एक लाठी अंग्रेजों के राज्य के अंत और उनके कैफीन पर एक एक कील का काम करेगी)। लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि को मनाने के लिये उड़िसा में शहीद दिवस के रुप में 17 नवंबर के दिन को मनाया जाता है। झांसी में (रानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिन) 19 नवंबर को भी शहीद दिवस के रुप में मनाया जाता है। ये उन लोगों को सम्मान देने के लिये मनाया जाता है जिन्होंने वर्ष 1857 की क्रांति के दौरान अपने जीवन का बलिदान कर दिया। प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को देश भर में पुलिस विभाग पुलिस शहीद (इ्दत्में ृैंष् ॅंष्) दिवस मनाता है क्योंकि 21 अक्टूबर 1959 को भारत चीन सीमा पर चीनियों द्वारा अनेक पुलिसकर्मी मार डाले गये थे ।

शहीद कहलाने के हकदार वो ही इन्सान होते हैं जो सही अर्थों में इतिहास बनाते हैं । सच्चाई यही है कि अत्याचारी शासक के मरते ही उसका शासन भी खत्म हो जाता है, किन्तु दूसरी तरफ शहीद के मरते ही जनमानस के हृदय में उस शहीद का शासन प्रारम्भ हो जाता है। जिन महापुरुषों ने हिंदुस्तान की आजादी और भारतवासियों के कल्याण एवं उत्थान हेतु अपने प्राणों की बलि दे दी थी उन स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिये हमारे मुल्क में शहीद दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जन्म से तो बनिया थे लेकिन वो इंसानियत को ही अपना धर्म मानते थे। बापूजी अहिंसा के पुजारी थे और अहिंसा को आजादी पाने के लिये सबसे अच्छा हथियार मानते थे। मन में सवाल उत्पन्न होता है कि भारत में 30 जनवरी को क्यों शहीद दिवस मनाया जाता है ?


30 जनवरी 1948 की शाम को जब बापूजी अपनी नियत प्रार्थना सभा में जा रहे थे तब हिन्दू चरमपंथी नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी को गोली मारकर हत्या कर दी थी तभी से महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि देने के लिये हर वर्ष 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाता है। प्रतिवर्ष 30 जनवरी को प्रातः काल 11 बजे सारे राष्ट्र में सायरन बजाया जाता है, तब अविलम्ब सारे नागरिक जहाँ कई भी वो हो 2 मिनट के लिये मौन रहकर शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते है । दो मिनट के बाद 11.02 बजे वापस सायरन बजता है और लोग अपना काम वापस प्रारम्भ कर देता है ।

पिछले कई वर्षों से तो ऐसा लगता है कि हम 30 जनवरी को शहीद दिवस को मनाने की केवल औपचारिकता ही निभा रहे हैं । एक तरफ तो हम बापूजी के नाम की दुहाई देकर सत्ता प्राप्त करते है वहीं गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को सच्चा देशभक्त बताते हुए बापू की देश भक्ति पर सवाल उठाते हुए उन्हें कठघरें में खड़ा करने का कुत्सित प्रयास करते हुए संसद के सदस्य तक बन जाते हैं ।

बापूजी ने तो आजाद भारत में उस राम राज्य के सपने सपने संजोये थे जहां मुस्लिम भी राम को इमामे हिद मानकर अपने दिल में राम के आदर्शो का दीपक जलाये । बहुसंख्यक समाज मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा चर्च का आदर करे । जहाँ श्मशान कब्रिस्तान के विवाद नहीं हो । काश ऐसा हो पाता। सार्वजनिक कार्यक्रमों में बापूजी को गाली-गलोच देकर अपने को आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं । दुःख तो इस बात का है कि कुछ लोग तालियां बजा कर उनका उत्साह वर्धन करते हैं जबकि अन्य बापू और देश भक्तों के खिलाफ अनर्गल बाते सुन कर भी मोन धारण कर लेते हैं । ऐसा सब कुछ होता देख कर महसूस होता है कि यह सब समय की बलिहारी ही है।

**–डॉ. जे.के.गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 31 जनवरी, 2024**

माघ मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र रात्रि 1:08 तक, सुकर्मा योग दिन 11:40 तक, तैतिल करण दिन 11:37 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरू-मेष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 1:08 तक है। कुमार योग रात्रि 1:08 तक रहेगा। रवियोग रात्रि 1:08 से आरम्भ होगा। आज विवाह मुहूर्त हस्त चित्रा में है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:59 तक, शुभ 11:14 से 12:40 तक, चर 3:22 से 4:42 तक, लाभ 4:42 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 6:03

### मेष




परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

### मिथुन




घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कर्क




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह



व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण परामर्श मिल सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### कन्या



व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### तुला



व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### वृश्चिक



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### धनु



व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा संभव है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### कुंभ



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

### मीन



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

# ई.आर.सी.पी. पर हंगामा, दो बार स्थगित हुआ सदन

## किरोड़ी मीणा ने कहा, ''आप तो अनुमति नहीं ले सके, हमारे सी.एम. ने तो बनते ही मध्यप्रदेश से सहमति ले ली, यह कांग्रेस पचा नहीं पा रही है

- विपक्ष का आरोप, ''पूर्वी राजस्थान की जनता के साथ सरकार ने बड़ा विश्वासघात किया''
- 'ई.आर.सी.पी. को हटाते हैं, यह पार्वती काली सिंध हो गई, आप जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हो'
- निर्दलीय बोले, ''83 विधायकों के क्षेत्र में पानी कम हो जाएगा, यह पीढ़ी तो बददुआ देगी ही, आने वाली पीढ़ी भी माफ नहीं करेगी''

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में ई.आर.सी.पी. पर आधे घंटे की चर्चा के बाद कांग्रेस विधायकों ने सरकार पर 13 जिलों की जनता के हितों पर कुठाराघात करने का अरोप लगाते हुए हंगामा किया। कांग्रेस विधायक और आरएलपी के हनुमान बेनीवाल वेल में आ गए और लगातार सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए राजस्थान के हितों पर कुठाराघात करने के नारे लगाने लगे। हंगामा के चलते सदन की कार्यवाही दो बार 20-20 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

नाराज कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी की। कांग्रेस विधायकों ने पार्वती कालीसिंध (पीकेसी) धोखा है के नारे लगाए। कांग्रेस का आरोप है कि पीकेसी-ईआरसीपी के नए प्रोजेक्ट में 13 जिलों को सिंचाई का पानी नहीं मिलेगा, नए समझौते में पानी पहले से कम मिलेगा। चर्चा में कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि पूर्वी राजस्थान की जनता के साथ भजनलाल सरकार ने जितना बड़ा विश्वासघात किया, उतना किसी ने नहीं किया। बोहरा ने कहा कि किरोड़ीलाल मीणा ने राज्यसभा में सवाल पूछा था, जिसके जवाब में जलशक्ति मंत्री ने कहा था कि 75 फीसदी वाटर डिपेंडेबिलिटी नहीं है इसलिए नेशनल परियोजना नहीं बनेगी। नेशनल परियोजना आपने घोषित नहीं की। उन्होंने कहा कि मंत्री ने कहा कि अब ई.आर.सी.पी. को हटाते हैं, अब यह पीकेसी हो गई है। आप जनता की ओखों में धूल झोंक रहे हो। जनता इस सरकार को कभी माफ नहीं करेगी। मंत्री ने कहा था कि 2400 एमसीएम पानी मिलेगा। यह पहले से तय हो चुका है, मंत्री ने सदन को गुमराह किया। मंत्री को यह जवाब ही नहीं देना चाहिए था। पूर्वी राजस्थान बिना सिंचाई के रहेगा।

चर्चा में बोलते हुए आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग ने कहा कि पीकेसी ईआरसीपी के एमओयू की कॉपी सदन में नहीं रखी। हो सकता है जल संसाधन मंत्री ने कॉपी देखी ही नहीं हो। सदन में एमओयू को रखिए ताकि यह तो पता लगे कि एमओयू में नया क्या है?

चर्चा में डीडवाना से निर्दलीय विधायक यूनुस खान ने नए एमओयू पर सवाल उठाते हुए सरकार को घेरा और कहा कि जलशक्ति मंत्री ने बताया था कि 3510 का जो प्रस्ताव था, उससे 1000 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी कम मिलेगा। जब पानी कम हो जाएगा, तो सिंचाई कहां से होगी। सिंचाई के सपने तो पूर्वी राजस्थान बंद कर दें। उन्होंने कहा कि 1999 के बाद मध्यप्रदेश ने तो डेम बना लिए। 1200 एमसीएम पानी तो एमपी आज काम ले रहा है। यूनुस खान ने कहा कि किरोड़ी मीणा से राय ली जाती तो राजस्थान के हितों पर कुठाराघात नहीं होता। 83 विधायकों के क्षेत्र में पानी कम हो जाएगा।

विधायकों की ओर से उठाई गई चिंता पर बोलते हुए मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने कहा कि कई बार चर्चाएं हुई और जब मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब ईआरसीपी के तहत पानी के बंटवारे को मंजूरी देने मना कर दिया था। मीणा ने कहा कि आप तो अनुमति नहीं ले सके, जबकि हमारे सीएम ने तो बनते ही मध्यप्रदेश से सहमति ले ली, यह कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने जलजीवन मिशन का पैसा ईशरदा डैम में लगा दिया।

डॉ किरोड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय परियोजना घोषित करते तो 60 फीसदी केंद्र और 40 फीसदी राज्य को खर्च करना पड़ता। इसे केन-बेतवा परियोजना की थीम पर पीकेसी बनाकर रास्ता निकाला, इसे एनपीपी बनाया जिससे 90 फीसदी पैसा केंद्र देगा। इससे पहले जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ को अशोक गहलोत ने पत्र लिखा था, जिसमें कहा था कि 75 फीसदी वाटर डिपेंडेबिलिटी पर प्रोजेक्ट बनाओ, तब हम इसे मंजूरी देंगे। केंद्रीय जल आयोग भी 75 फीसदी को मानता है। वहीं इंदिरा गांधी के जमाने से प्रावधान है कि राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के लिए डिपेंडेबिलिटी 75 फीसदी ही चाहिए। इंट्रा स्टेट में 50 फीसदी चल जाएगा, लेकिन इंटर स्टेट में 75 फीसदी ही चाहिए। मध्यप्रदेश ने जो बांध बनाए वो इंट्रा स्टेट था। किरोड़ी ने कहा कि 3510 एमसीएफ पानी की बात कहां से आई।

इससे पहले जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा संशोधित पीकेसी लिंक योजना का केंद्रीय जल आयोग परीक्षण कर रहा है। पिछली सरकार ने कम बांध भरने का टारगेट रखा था। नई पीकेसी लिंक परियोजना से 40 फीसदी ज्यादा आबादी को पानी मिलेगा। पीएम मोदी और सीएम भजनलाल ने बड़ा विजन दिखाया है। उन्होंने कहा कि एमओयू के अनुसार डीपीआर बनाई जाएगी, डीपीआर के बाद ही पानी की मात्रा की गणना होगी।

जलसंसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने ईआरसीपी कॉपोरशन बनाया, लेकिन बजट केवल 200 करोड़ का दिया। कॉर्पेशन को कहा कि आप जमीन बेचो, लेकिन 14 हजार करोड़ का प्रबंध करो। फिर भी कहते रहे कि केंद्र इस प्रोजेक्ट को पूरा नहीं करेगा तो हम करेंगे, बजट तो दिया ही नहीं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर मंगलवार को प्रात: शासन सचिवालय स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। शर्मा ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने प्रतिमा के समक्ष बैठकर गांधीजी के प्रिय भजनों 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, रघुपति राघव राजा राम, राम रतन धन पायो, श्री राम जय राम, तू ही है तो सहारा' को सुना। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, सचिवालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने भी मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 'प्रदेश के बाहर आयुष्मान योजना में नहीं हो रहा इलाज'

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में आज चिंरजीवी योजना के बाद आयुष्मान योजना का मुद्दा भी उठा। निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने स्थगन प्रस्ताव के लिए आयुष्मान योजना का मुद्दा उठाया। हालांकि उनके स्थगन प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली। स्थगन प्रस्ताव की विषय वस्तु पर बोलते हुए चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि आज मुख्यमंत्री चिंरजीवी योजना को आयुष्मान के साथ जोड़कर चलाया जा रहा है। चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि आयुष्मान योजना में एमओयू नहीं होने के कारण प्रदेश के बाहर इलाज के लिए जाने वाले मरीजों को योजना के तहत इलाज नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए दिल्ली, गुजरात व अन्य राज्यों में जाते हैं। लेकिन उन मरीजों को आयुष्मान योजना में इलाज नहीं मिल रहा हैं।उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द आयुष्मान योजना के तहत एमओयू किया जाए।

# मैडम तुसाद में स्वामी रामदेव की मोम की प्रतिकृति का अनावरण

**जयपुर**, (का.सं.)। मैडम तुसाद, न्यूयार्क में आज स्वामी रामदेव की मोम की प्रतिकृति का अनावरण किया गया। यह भारतीय संस्कृति, संन्यास और सनातन योग परम्परा के वैश्विक प्रभाव की अत्यंत महत्वपूर्ण मान्यता और प्रतिष्ठा का परिचायक है।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि मैडम तुसाद, न्यूयॉर्क में 200 से ज्यादा बड़े आयकॉन्स के फिगर लगे हैं जिनमें अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय, ऋतिक रोशन, प्रियंका चोपड़ा तथा शाहरूख खान आदि हैं किन्तु वर्ल्ड के उन 200 रिनाउंड आइकॉन्स के साथ भारत के एक संन्यासी को इन्होंने जो सम्मान दिया वह एक संन्यासी का गौरव नहीं अपितु पूरे भारत का गौरव है। आज पूरी दुनियां की निगाहें भारत के योग व आयुर्वेद पर हैं। अब तो अमेरिका में भी मेड इन यूएस तथा मेड बाई अमेरिका के कान्सैप्ट पर चल रहा है। योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी का जो मूमेंट पतंजलि से चलाया था उसकी लहर अब पूरी दुनिया में हैं।

स्वामी ने बताया कि इस प्रतिकृति को बनाने में लगभग 200 आर्टिस्ट का पुरुषार्थ तथा लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत आई है। यह कास्ट का विषय नहीं हैं, यह एक कॉन्सेप्ट है जिसमें भारत और भारतीयता को, भारत के एक संन्यासी को स्थान दिया है। हम इसके लिए मैडम तुसाद की टीम के प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वामी रामेदव का सम्मान नहीं अपितु यह भारत की सनातन संस्कृति, योग, आयुर्वेद, भारत की सनातन संस्कृति, हमने पूर्वजों की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है।




## सांगा बाबा पदयात्रा 4 को

**जयपुर**। सांगा बाबा सांगानेर से 4 फरवरी को शिला माता आमेर तक पदयात्रा अयोजित की जाएगी।सुनील कोठारी ने बाताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हमारे प्यारे जयपुर शहर को दो हिस्सो मे बांटने का निर्णय किया गया था। जिसके बाद से ही जयपुर शहर को एक बनाए रखने के लिए जयपुरवासियों द्वारा महारा जैपुर-प्यारा जयपुर के तत्वावधान में मुहीम से जुड़कर सभी नागरिको ने जयपुर शहर के प्रमुख मंदिरों मे महाआरती कर सरकार द्वारा जयपुर शहर को दो भागो बांटने के निर्णय को वापस लेने के लिए बाध्य किया। जयपुरवासियो ने श्री सांगा बाबा मंदिर सांगानेर मे संकल्प लिया था कि सरकार द्वारा इस निर्णय के वापस लिए जाने पर एक संकल्प पदयात्रा श्री सांगा बाबा से चांदपोल हनुमान मंदिर होते हुए आमेर शिला देवी मंदिर तक जाएगा।

# 'ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में अगर भ्रष्टाचार हुआ, तो इसकी जांच होगी'

- खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने विधानसभा में मनोज न्यागली के प्रश्न का जवाब दिया

**जयपुर**, (वि.सं.)। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय हुए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में केवल टी-शर्ट व अन्य सामग्री की खरीद पर हुए ख़र्च परभ्रष्टाचार हुआ है तो राज्य सरकार वित्त विभाग के माध्यम से इसकी पूरी जांच कराएगी।

कर्नल राठौड़ प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा विधायक मनोज न्यागली ने कहा कि इसमें अधिकारी सरकार को आंकड़े गलत देकर गुमराह करते हैं। राठौड़ ने कहा कि यह गंभीर चिन्ता का विषय है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय 126 करोड़ रुपए की राशि इनकी खरीद पर व्यय कर दी गई। उन्होंने कहा कि खेल विभाग के बजट से भी 4 गुना अधिक बजट इन खेलों के आयोजन में किया गया और किसी भी नए स्टेडियम अथवा स्थायी परिसंपत्ति का निर्माण नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि मुख्य खेल अधिकारी के चयन को लेकर भी किसी तरह की अनियमितता हुई है तो उसकी भी जांच कराई जाएगी।

इससे पहले विधायक मनोज कुमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खेल मंत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल-2022 में 40 करोड़ 92 लाख 56 हजार 890 रुपए की राशि व्यय हुई। इसी प्रकार राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेल-2023 में 155 करोड़ 46 लाख 72 हजार 500 रुपए की राशि व्यय हुई।

राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक खेलों के आधार पर राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं के चयन या सरकारी सेवा में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान नहीं है।

कर्नल राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक खेलों में हुए व्यय की अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि विधायक की मांग को देखते हुए ग्रामीण ओलंपिक खेलों में हुए व्यय की जांच करवाई जाएगी।



उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी ने मंगलवार को अपना जन्मदिन कार्यकर्ताओं और जनता के बीच धूमधाम से मनाया। उन्होंने बच्चों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।

## 'खनन अभियान के नाम पर पुलिस कर रही ज्यादती'

**जयपुर**, (वि.सं.)। बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने स्थगन प्रस्ताव के जरिए बूंदी जिले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध खनन के संबंध में जो अभियान चलाया जा रहा है। उस अभियान में बूंदी पुलिस बिना खनन विभाग के अधिकारियों के यह तय कर लेती है कि कहां अवैध खनन हो रहा है और कहां नहीं। बूंदी पुलिस अधीक्षक की ओर से 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत एक प्रेसनोट जारी करके बताया गया कि उन्होंने अवैध खनन कर रहे वाहनों को जब्त किया हैं। इस गलत कार्रवाई के खिलाफ जब जनप्रतिनिधियों ने सवाल उठाया तो उन्हीं वाहनों को लेकर एक दूसरा प्रेसनोट जारी किया जाता हैं।

# 'नए जिला कारागृह बनने पर हो सकेगा आबादी क्षेत्र में जेलों की समस्या का समाधान'

- कारागार मंत्री की ओर से चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जवाब दिया
- विधानसभा में उठा मुख्यमंत्री को जेल से मिली धमकी का मुद्दा

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान पिछले दिनों मुख्यमंत्री को जेल से मिली धमकी का मुद्दा उठा। इस पर सरकार ने माना कि जेलों में कैदियों की संख्या ज्यादा है और ज्यादातर जेल शहर के बीच में हैं, ऐसे में जल्द ही नई जेल बनाई जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री को धमकी देने के सवाल पर मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जवाब दिया कि कई बार जेल में स्मगलिंग और मोबाइल की वारदात के मामले सामने आते हैं, लेकिन जल्द ही इन जेलों से कैदियों को शिफ्ट किया जाएगा। इस पर अध्यक्ष ने कहा जिलों में नहीं तो संभाग पर ज्यादा कैपेसिटी वाली जेल बनाई जाए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि नए जिला कारागृह बनने पर कैदियों को इनमें शिफ्ट किया जा सकेगा। इससे आबादी क्षेत्र में कारागृहों के संचालन तथा इनमें क्षमता से अधिक बंदियों को रखने की समस्या का समाधान हो सकेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर कारागार मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक रफीक खान ने जयपुर के केंद्रीय कारागृह और अन्यंत्र स्थानांतरण को लेकर सवाल लगाया। इस पर जवाब देते हुए मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि सरकार कैदियों की संख्या को देखते हुए और सुरक्षा के मापदंडों को ध्यान में रखकर शहर से बाहर जेल बनाएगी। वहां कैदियों को हस्तांतरित किया जाएगा। इस लिए नई जेल बनाई जाएगी ताकि इस दबाव को कम किया जा सके। मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 19 जिले नए बनाए। उन सभी जिलों में भी जेल बनेगी, इसके बाद जिन जेलों में कैदियों की संख्या ज्यादा है वहां उन्हें शिफ्ट किया जाएगा। विधायकरफीक खान ने कहा कि शहर के बीच में जेल असुरक्षित है और जेल से मुख्यमंत्री तक को धमकी मिल रही है। इस मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार चाहती तो पांच साल में वित्तीय स्वीकृति जारी कर जेल बना सकती थी, लेकिन इन्होंने नहीं बनाई. अब हमारी सरकार बनाएगी। इस बीच रफीक खान ने फिर सवाल खड़े किए और कहा कि मुख्यमंत्री को धमकी मिल रही है।इस पर मंत्री ने कहा कि सुरक्षित और कैपेसिटी एक अलग चीज है। कई जगह मोबाइल और स्मगलिंग की वारदात आती रहती है, लेकिन ये सही है कि सरकार नई जेल बनाने पर काम करेगी, ताकि जो खतरा शहरों के बीच में बनी जेल से बना हुआ है, वो खत्म हो।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय वित्तीय स्वीकृति दिलाकर आबादी क्षेत्र में चल रही जयपुर सेन्ट्रल जेल को अन्यत्र शिफ्ट किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।




# ट्रैक्टर-जीप की टक्कर में दो चचेरे भाइयों और महिला की मौत, 12 घायल

## धंबोला के भंडारा फला में मौत होने पर शोक सभा में शामिल होकर लौट रहे थे

**डूंगरपुर, (निसं)।** ट्रैक्टर और जीप की टक्कर में दो चचेरे भाइयों और उनकी भाभी की मौत हो गई। वहीं हादसे में जीप सवार 12 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है। जीप सवार लोग तीये की बैठक से लौट रहे थे। हादसा डूंगरपुर के वरदा इलाके में सोमवार देर शाम डोजा-कहारी मार्ग पर हुआ। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कवरिया ने बताया कि हादसे में जीप सवार शिवलाल पुत्र धिरजी रोत उसके चचेरे भाई जीवा पुत्र हाजा रोत और भाभी सेजल पत्नी भानजी रोत की मौत हो गई। सभी कहारी गांव के एक ही परिवार के थे। धंबोला के भंडारा फला में मौत होने पर शोक सभा में शामिल होकर लौट रहे थे। डोजा-कहारी मार्ग पर सामने की ओर से आ रहे ट्रैक्टर से जीप की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि क्रूजर जीप

■ दो की हालत गंभीर, एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया

के आगे का पूरा हिस्सा पिचक गया। हादसे में 12 लोग घायल हो गए।

घायलों के हाथ, पैर, सिर और शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट आई है। घायलों के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के गांव के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर डूंगरपुर से एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. महेंद्र डामोर ने बताया कि सभी घायलों का इमरजेंसी में इलाज किया जा रहा है। घायलों में 2 की हालत गंभीर है। हादसे में कहारी निवासी धीर रोत, दुर्गा पत्नी धीर रोत, मान पत्नी भगा कटारा निवासी वसी मालाजी फला मणि पत्नी भंवरलाल रोत, रेखा पत्नी केसर रोत, कमला पत्नी रमेश कोटेड निवासी देवल सहित 12 लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया भी हॉस्पीटल पहुंचे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक से घायलों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. अलंकार गुप्ता भी उनके साथ रहे।

# लोक परिवहन बस ने बाइक को टक्कर मारी, बहन-भाई की मौत

**गंगानगर, (निसं)।** जिले में सड़क हादसे में भाई और बहन की मौत हो गई। बहन को पढ़ाने के लिए भाई मजदूरी कर रहा था, ताकि बहन के हिस्से में ये सब नहीं आए। बहन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। गंगानगर में एक प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरने के बाद जब दोनों वापस लौट रहे थे बाइक को लोक परिवहन बस ने टक्कर मार दी। हादसा गंगानगर जिले के चूनावढ़ थाना इलाके में हुआ।

पुलिस ने बताया कि गंगानगर मुख्य शहर से करीब पंद्रह किलोमीटर दूर महियांवाली गांव में रहने वाले भाई और बहन की मौत हो गई। गांव में रहने वाला मोहन अपनी बहन के साथ गंगानगर मुख्य शहर में आया था। वहां पर पूजा किसी प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरने

■ गंगानगर में एक प्रतियोगी परीक्षा का फार्म भरने के बाद दोनों वापस लौट रहे थे

के लिए आई थी। दोनों बहन भाई दोपहर बाद में यहां पहुंचे थे और फिर पूरा काम होने के बाद रात को वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के नजदीक बीकानेर रूट पर आ रही एक लोक परिवहन बस ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन दोनों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि मोहन मजदूरी कर परिवार का पेट पाल रहा था। उसके एक बेटा और बेटी है। वह अपनी बहन को साथ रखता था और उसकी पढ़ाई पर भी पैसा खर्च कर रहा था। लेकिन प्रतियोगी परीक्षा देने से पहले बहन और भाई जीवन की परीक्षा हार गए। देर रात दोनों के शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। आज दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# दस हजार की रिश्वत लेते नर्सिंगकर्मी गिरफ्तार

## संवेदक के बिलों का भुगतान करवाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी

**कोटा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए एमबीएस अस्पताल के नर्सिंगकर्मी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी नर्सिंगकर्मी संवेदक के बिलों का भुगतान करवाने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। एसीबी ने उसे मंगलवार को 10 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मौके पर ही पुलिस ने आरोपी नर्सिंग कर्मी मंजूर अली से रिश्वत की रकम बरामद कर ली है। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि कपूर ट्रेडिंग कंपनी के मालिक ने उन्हें शिकायत दी थी कि उनका एमबीएस अस्पताल में उपकरणों की मरम्मत, रिपेयरिंग व मशीनरी पाट्‌र्स सप्लाई की थी। यह कार्य वर्कशॉप के जरिए चलता है। उनके कई

■ 'आरोपी के विज्ञान नगर स्थित निवास पर भी तलाशी शुरू की गई'

बिल इस मामले में बकाया चल रहे थे। जिनका भुगतान करवाने की एवज में वर्कशॉप के इंचार्ज के रूप में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मंजूर अली पैसे की डिमांड कर रहे हैं। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 29 जनवरी को सत्यापन करवाया जिसमें कल 15 हजार की डिमांड मंसूर अली ने की थी। सत्यापन के दौरान 5000 रुपए ले भी लिए थे। इसके बाद मंगलवार को ट्रैप कार्रवाई के दौरान मंजूर अली ने परिवादी से 10 हजार रुपए ले लिए। परिवादी का इशारा मिलते ही एसीबी की टीम ने एमबीएस अस्पताल परिसर में ही नर्सिंग अधीक्षक कक्ष पर दबिश दे दी। वहां से आरोपी मंजूर अली को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से रिश्वत की रकम भी बरामद की गई।

एसीबी के डीआईजी कल्याणमल मीणा का कहना है कि आरोपी के विज्ञान नगर स्थित निवास पर भी दो इंस्पेक्टर को भेजकर घर की तलाशी शुरू की गई। इसके अलावा मंजूर अली के पास मिली सभी पत्रावली जब्त कर ली गई है। जिसे स्पष्ट हो जाएगा कि कितने रुपए के बिलों की एवज में वह रिश्वत मांग रहा था। एडिशनल एसपी स्वर्णकार का कहना है कि मंजूर अली ने सत्यापन के दौरान बताया था कि यह रिश्वत की राशि में बाबू और एक अकाउंट कार्मिक का भी हिस्सा है। ऐसे में जब्त की गई पत्रावलियों के अनुसार इन दोनों कार्मिकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। यह बाबू भी लेखा विभाग में ही कार्यरत है।

# बदमाशों ने पिकअप चालक से नगदी सहित जेवर लूटे



सीसीटीवी फुटेज में नजर आई खाली पिकअप, जिसके चालक के साथ हुई लूट की वारदात।

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना क्षेत्र में बीती रात एक पिकअप चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बदमाशों ने लूट की वारदात अंजाम दी। बदमाश चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर सोने-चांदी के जेवरात सहित 5300 रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित चालक ने अलवर गेट थाने में शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुट गई है। अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार ब्यावर निवासी पिकअप चालक हनुमान राम गुर्जर ने शिकायत देकर बताया कि वह अपने साथी गोपाल गुर्जर के साथ पिकअप में लकड़ी भरकर नगरा प्रकाश रोड आशु स्वीट पर गए थे। वहां पर पिकअप को खाली कर खड़े थे। इस दौरान बाइक पर दो व्यक्ति आए। उनमें से एक व्यक्ति ने पिकअप के पास आकर बोला, उसे घर का सामान नसीराबाद लेकर जाना है। इसके बदले 1400 रुपए किराया तय हुआ था।

पिकअप चालक ने बताया कि उसका साथी गोपाल वापस घर चला गया। उसके साथ बाइक पर आया एक व्यक्ति पिकअप में बैठकर उसे नानकी पैलेस प्रकाश रोड के पास खड़ा करके चला गया। कुछ समय बाद वह वापस आया और एक कागज व पेन देकर नाम, मोबाइल नंबर लिखने के लिए कहा था। जैसे ही युवक ने उसे कागज और पेन दिया तो उसे तुरंत नींद आ गई और वह अचेत हो गया।

पिकअप चालक ने बताया कि करीब एक घंटे बाद उसकी नींद खुली तो उसने अपने सेठ को फोन कर इसके बारे में बताया। इसके बाद सेठ के कहने पर वह ब्यावर से माल भरवाने के लिए निकल गया। जब वह बाईपास पर पहुंचा तो उसे वापस नींद आने लगी। उसने अपने सेट को तबीयत खराब होने की जानकारी दी तो वहां पर उसके साथ के दो व्यक्ति वहां पहुंच गए। उसके साथियों ने उसे घर पर लाकर सुला दिया। जब वह सोकर उठा तो उसके हाथ में चांदी का कड़ा और 5 ग्राम सोने का ताबीज और 5300 रुपए गायब मिले। इसके बाद इसकी सूचना उसने अपने सेठ को दी थी। पीड़ित की शिकायत पर अलवर गेट थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पूर्वी राजस्थान के लिए एकीकृत ईआरसीपी वरदान सिद्ध होगी : गजेंद्र सिंह शेखावत

**अजमेर, (कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि एकीकृत पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पूर्वी राजस्थान के अजमेर, जयपुर सहित तेरह जिलों के लिए वरदान साबित होने वाली है। यह न सिर्फ इन जिलों की अगले तीस सालों की पेयजल जरुरतों को पूरा करेगी बल्कि इससे 2.80 लाख हेक्टेयर भूमि के लिए भी सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अजमेर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूरी होने के कारण अजमेर और जयपुर जिले की जीवन रेखा बीसलपुर बांध हर साल सौ प्रतिशत भरेगा। इतना ही नहीं इससे पूर्वी राजस्थान के 35 से ज्यादा छोटे-बड़े बांध और तालाब भरेंगे। इससे जमीन में जल का पुनर्भरण भी होगा।



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अजमेर में प्रेसवार्ता की।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में जिन तीस नदी जोड़ परियोजनाओं की पहचान की गई थी, उसमें पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना भी शामिल थी। मगर उस समय मध्यप्रदेश और राजस्थान की सरकारों के बीच समझौता न होने के कारण यह योजना स्थगित कर दी गई थी। बाद में पिछली राजस्थान सरकार ने ईआरपीसी बनाई, जिसमें सिर्फ तीन जिलों को 525 एमसीएम पानी मिलने वाला था और इस परियोजना की लागत 15000 करोड़ रुपए थी। लेकिन मध्यप्रदेश और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद ईआरसीपी को संशोधित कर इसे पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ परियोजना से लिंक कर दिया गया। इसके कारण राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों को मिलाकर करीब पाँच हजार एसीएम पानी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब चालीस हजार करोड़ रुपए है। उन्हें विश्वास है

■ 'यह परियोजना पूरी होने के कारण अजमेर और जयपुर जिले की जीवन रेखा बीसलपुर बांध हर साल सौ प्रतिशत भरेगा'

कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन-बेतवा परियोजना के लिए 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई है, उसी तरह इस परियोजना के लिए भी वे 90 प्रतिशत राशि उपलब्ध कराएंगे। इससे राजस्थान सरकार को महज दो हजार करोड़ रुपए खर्च करने होंगे जबकि पिछली परियोजना के मुकाबले उसे पाँच गुना ज्यादा पानी उपलब्ध होगा। शेखावत ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों राज्य सरकारें इस संबंध में तेजी से कदम उठाएंगी और यह परियोजना आगामी पाँच वर्षों में पूरी हो जाएगी।

## उदयपुर में दो करोना पॉजीटिव मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में मंगलवार को मिली कोविड के 36 सैम्पल की जांच में दो रोगी कोरोना पॉजीटिव पाए गए। जब कि 34 नेगेटिव पाए गए। इन्हें मिलाकर जिले में कोरोना पॉजिटिव रोगियों की संख्या चार हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच बामनिया ने बताया कि मंगलवार को कोविड के 36 सैम्पल लेकर जाँच की गयी जिसमें 34 नेगेटिव एवं 2 पॉज़िटिव पाये गये।।दोनो पॉजीटिव शहरी क्षेत्र से है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 77 हजार 133 पॉजीटिव कोरोना रोगी आए जिसमें से 76 हजार 348 स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज्ड हो गये है। चार होम आयसोलेसोन में है। डॉ. बामनिया ने बताया कि मंगलवार को पॉजीटिव आये रोगी तितरडी और शोभागपुरा क्षेत्र से है। चिकित्सा विभाग की टीम रोगी के घर पहुंची और रोगी की हिस्ट्री ली गई। तितरडी स्थित पोजिटिव रोगी को 28 जनवरी को सर्दी और बुखार की शिकायत होने पर डॉक्टर के कहने पर जांच करवाई। परिवार के सदस्यों और क्लोज कांटेक्ट की जांच की गई। परिवार में पति,सास और ससुर है जिनमें कोई लक्षण नहीं पाये गये।

# सरपंच, वीडीओ सहित पांच लोगों से रिकवरी के आदेश

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पहले से बनी जोहड़ की चारदीवारी और मजदूरी मनरेगा के कार्यों में फिर दिखाकर करीब सवा बारह लाख रुपए हड़प करने के मामले की जांच में सरपंच सहित पांच जनों के खिलाफ रिकवरी के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा इन पांचों को पांच-पांच हजार रुपए पैनल्टी के रूप में चुकाने के आदेश दिए गए हैं। यह मामला श्रीविजयनगर पंचायत समिति क्षेत्र ग्राम पंचायत 4 बीएलडी का है।

इस ग्राम पंचायत के सरपंच प्रहलाद सिंह, सहायक अभियंता प्रहलाद सिंह, ग्राम विकास अधिकारी बलजिन्द्र सिंह, कनिष्ठ तकनीकी सहायक ओम गजुआ और एलडीसी वेदप्रकाश से गबन राशि 12 लाख 25 हजार 709 रुपए वसूलने प्रत्येक से पांच-पांच हजार रुपए पैनल्टी के रूप में चुकाने के आदेश दिए गए हैं। जिला परिषद के मनरेगा लोकपाल अनिल धानुका की ओर से दिए गए इस आदेश में इन लोगों को पन्द्रह दिन में पैनल्टी राशि चुकाने और चालीस दिन के उपरांत रिकवरी राशि ब्याज समेत चुकाने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत 4 बीएलडी के चक एलजेडएल ए में जोहड़ की दीवारों का निर्माण वर्ष 2008-2009 में एवं शेष रही पांच फीट रिटेनिंग दीवार का कार्य प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में वर्ष 2013-14 में पूर्ण हो गया था, इसका बकायदा समायोजन भी जिला परिषद की ओर से किया जा चुका था।

## हिरण शिकार प्रकरण में चार गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** हिरण शिकार के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से हथियार बरामद किए है। श्रीडूंगरगढ़ थाना क्षेत्र में शिकारियों ने हिरण को गोली मार शिकार किया। इसको लेकर वन्यजीव दया प्रेमियों के आक्रोश के चलते रात भर पुलिस आरोपियों को तलाशने व खोजने में लगी रही। पुलिस के मुताबिक एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो बंदूकें, बारूद, चाकू, जाळ, गुलेल, मांस के टुकड़ों समेत एक मोटर साइकिल तथा तीतर को मारकर बनाई गई सब्जी बरामद की है।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएलओ निलम्बित

**अजमेर, (कासं)।** कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर अजमेर उत्तर विधान सभा क्षेत्रा में कार्यरत एक बीएलओ को निलम्बित किया गया है।

अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्रा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी जगदीश प्रसाद गौड़ ने बताया कि सुनिल कुमार कुमावत अध्यापक लेवल प्रथम, कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय महासभा प्रताप नगर अजमेर को विधानसभा क्षेत्रा अजमेर उत्तर (100) की भाग संख्या 13 में बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया गया था। लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों एवं मतदाता सूची पुनर्रीक्षण कार्यक्रम, मतदान स्थल भौगोलिक स्थिति, मतदान स्थल पर आवश्यक सुविधाएं, घर-घर सर्वे, पीडब्ल्यू मतदाता एवं 80 प्लस वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के सत्यापन तथा फार्म 6, 7, 8 आदि का वर्तमान अद्यतन सूचना ऑफ एवं ऑनलाईन फीड करने के लिए कार्मिक को बार-बार निर्देशित किया जाने के पश्चात भी कार्मिक द्वारा कार्य नहीं किया गया।

चुनाव सम्बन्धी कार्य को शीघ्र करने के लिए कार्मिक को समय-समय पर आवश्यक निर्देश दिए जाने के उपरान्त भी कार्मिक की कार्य की प्रगति अति न्यून रही है। यह कृत्य कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है। कार्मिक के द्वारा उच्चाधिकारियों के विधिपूर्ण आदेशों की अवज्ञा की गई है। राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रति गम्भीर लापरवाही एवं आदेशों की अवेहलना बरतने के कारण कार्मिक के विरूद्व विभागीय जांच कार्यवाही विचाराधीन रखते हुए सुनिल कुमार कुमावत, अध्यापक लेवल प्रथम कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय प्राथमिक विद्यालय महाराणा प्रताप नगर अजमेर को निलम्बित किया गया है।

# अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान जारी, खनन माफिया में हड़कंप

## 'अभियान में अब तक 2283 प्रकरणों में 520 एफआईआर दर्ज, 243 गिरफ्तारी हुई'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर माइंस विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 15 जनवरी से चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में 489 स्थानों पर अवैध खनन सहित अवैध खनन गतिविधियों के 2283 प्रकरण सामने आ चुके हैं।

प्रदेश में पहलीवार बड़ी मशीनों और उपकरणों की जब्ती के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस कार्यवाही व गिरफ्तारी की गई है। खान एवं पेट्रोलियम सचिव आनन्दी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन गतिविधियों को समूल समाप्त करने के उद्देश्य से राज्यव्यापी अभियान का संचालन खान, राजस्व, परिवहन, पुलिस और वन विभाग द्वारा जिला कलेक्टरों के मार्गदर्शन में संयुक्त रुप से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा शुरु किये गये नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही पर जोर देते हुए 24 घंटे में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्य सचिव सुधांश पंत अभियान प्रगति की नियमित समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि अभियान में केवल अवैध खनिज परिवहन करते वाहनों पर कार्यवाही के स्थान पर पहला बार अवैध खनन गतिविधियों के स्त्रोत पर कार्यवाही पर जोर दिया गया है। यही कारण है कि प्रदेश में 15 जनवरी से 29 जून तक की अवधि में 2283 कार्यवाहियों में 489 अवैध खनन, 383 अवैध खनिज भण्डारण और 1421 अवैध परिवहन के प्रकरण सामने आ चुके

■ '1079.57 करोड़ रुपये का 2 लाख 17 हजार 563 टन मिनरल सीज किया'

हैं। प्रदेश में सर्वाधिक 149 कार्यवाही भीलवाड़ा जिले में हुई हैं। चित्तौड़गढ़ और कोटा में 100-100 कार्यवाही व अन्य जिलों में इससे कम प्रकरण सामने आये हैं। अभियान के दौरान प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज 520 एफआईआर और 243 गिरफ्तारी में सर्वाधिक 56 एफआईआर टोंक में धौलपुर में 43 और शेष अन्य स्थानों पर दर्ज हुई है। अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त लोगों की गिरफ्तारी में झालावाड़ में 33 गिरफ्तारी हुई है। टोंक में 30, धौलपुर में 25, जालौर में 24 व शेष प्रदेश के अन्य स्थानों पर हुई है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि अभियान के दौरान अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त वाहनों के साथ ही बड़ी मशीनरी और उपकरणों को जब्त करने पर जोर दिया गया है। प्रदेश में पहली बार अभियान के दौरान 47 एक्सक्वेटर, 67 जेसीबी और 5 क्रेन जब्त करने के साथ ही 1604 वाहन जब्त किये गये हैं। भीलवाड़ा में 3 और जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र में 2 क्रेन जब्त की गई हैं। वहीं 5 एक्सक्वेटर बाड़मेर में जब्त किये हैं। नीम का थाना और अजमेर में 4-4 एक्सक्वेटर और भीलवाड़ा, जयपुर ग्रामीण, जैसलमेर में 3-3 एक्सक्वेटर और बाकी अन्य स्थानों पर जब्त किये गये हैं। उदयपुर में 6 जेसीबी, भीलवाड़ा, झालावाड़, में 5-5 जेसीबी और बाकी अन्य स्थानों पर जब्त की गई है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि राज्यव्यापी अभियान के दौरान अब तक 10 करोड़ 79 लाख रु. से अधिक का 2 लाख 17 हजार 563 टन खनिज संपदा जब्त की जा चुकी है। प्रदेश में सर्वाधिक एक करोड़ 80 लाख रु. की 8494 टन अवैध खनि संपदा हनुमानगढ़ और एक करोड़ 7 लाख 65 हजार रु. का 24813 टन खनिज जयपुर ठाामीण क्षेत्र में जब्त की गई है। अभियान में 9 करोड़ 27 लाख 78 हजार रु. की वसूली की गई है। इसमें सर्वाधिक वसूली में भीलवाड़ा 59.69 लाख, चित्तौड़गढ़ 56.01 लाख, अजमेर 53.61 लाख के साथ अग्रणी है। अभियान की खास बात यह है कि जिला कलेक्टर जहां जिला स्तर पर नियमित समीक्षा और कोआर्डिनेट कर रहे हैं। वहीं समय मिलते ही अधिकारियों के साथ जाकर कार्यवाही को भी अंजाम दे रहे हैं। इसी तरह से उच्च स्तर पर विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर राज्य सरकार द्वारा अन्य स्थानों से अधिकारियों को गोपनीय तरीके से कार्यवाही के लिए भेजा जा रहा है और इसका सकारात्मक परिणाम यह है कि लगातार करोड़ों रु. के लाखों टन अवैध खनन के प्रकरण सामने आ रहे हैं। राज्यव्यापी अभियान की मोनेटरिंग निदेशक माइंस डॉ. प्रज्ञा केवलरमानी कर रही हैं। वहीं अतिरिक्त निदेशक स्तर के अधिकारी योगेन्द्र सिंह सहवाल समन्वय कर रहे हैं। नियंत्रण कक्ष की जिम्मेवारी भी एसएमई स्तर के अधिकारी एसपी शर्मा को दी गई है।


**Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.**
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur-302005
Ph. No. : 0141-2223887, Fax : 0141-2228065, E-Mail : edepmrmsc-rj@nic.in

No. : F-8( )RMSC/EPM/M-4/NIB-820/2023-24/1018 Dated :- 29/01/2024

**NOTICE INVITING BID**

Bid for Item to Provide 24x7 Services for Repair & Maintenance of PSA Plants, Manifold (Oxygen) with Oxygen Outlets and LMO Tank in various Medical Institutions of Govt. of Rajasthan are invited from interested bidders up to 08.02.2024; 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal website http://sppp.rajasthan.gov.in, or www.dipronline.org or https://eproc.rajasthan.gov.in or website http://rmsc.health.rajasthan.gov.in. UBN No. : MSC2324GLRC00131

Executive Director (EPM)
RMSCL, Jaipur

Raj.Samwad/C/23/12413

मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना

**Rajasthan Medical Services Corporation Limited, Jaipur**
D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005
Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065 E-mail : edepmrmsc-rj@nic.in

No. F-8()RMSC/EPM/M-4/NIB-821/2023-24/1015 Dated: 25.01.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bid for item Pulse oxymeter(Table Top) are invited from interested bidders up to Date: 13-02-2024 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website "https://sppp.rajasthan.gov.in/" or "www.dipronline.org" or "https://eproc.rajasthan.gov.in/" or website "http://rmsc.health.rajasthan.gov.in".
UBN:- MSC2324GLRC00129

Raj.Samwad/C/23/12454

Executive Director (EPM)

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि. /निर्माण/2023-24/10475 दिनांकः- 25.01.2024

**ई. निविदा सूचना संख्या :- 16/2023-2024**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | NIB Code:- DLB2324A8317 (कुल 28 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2324WSOB29845, DLB2324WSOB29870<br>DLB2324WSOB29846, DLB2324WSOB29872<br>DLB2324WSOB29848, DLB2324WSOB29875<br>DLB2324WSOB29849, DLB2324WSOB29880<br>DLB2324WSOB29852, DLB2324WSOB29881<br>DLB2324WSOB29853, DLB2324WSOB29873<br>DLB2324WSOB29854, DLB2324WSOB29876<br>DLB2324WSOB29843, DLB2324WSOB29874<br>DLB2324WSOB29847, DLB2324WSOB29857<br>DLB2324WSOB29850, DLB2324WSOB29877<br>DLB2324WSOB29855, DLB2324WSOB29869<br>DLB2324WSOB29844, DLB2324WSOB29859<br>DLB2324WSOB29851, DLB2324WSOB29878<br>DLB2324WSOB29865, DLB2324WSOB29879 |
| निविदा की कुल लागत | : | Rs 475.18 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| निविदा जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 30.01.2024 |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 31.01.2024 को 11:00 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 14.02.2024 सांय 18.00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक | : | दिनांक 15.02.2024 को अपराह 13:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 19.02.2024 को अपराह 12.00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

अध्यक्ष
नगर पालिका निवाई

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई

राज.संवाद/सी/23/12432

# कौनसी चक्की का आटा खाते थे जो एक ही परिवार में तीन-चार आरएएस बने : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा पर तंज कसा

**जयपुर** (वि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व विधायक गोविंद सिंह डोटासरा पर तंज कसते हुए कहा, वह कौन सी चक्की का आटा खाते थे, कौन सा पानी पीते थे, जो एक ही परिवार के 3-4 लोग आर.ए.एस. परीक्षा में सलेक्ट हो गए। नंबर भी सबके एक समान आए। उन्होंने कहा कि लक्ष्मणगढ़ से आने वाले विधायक की चर्चा मैं सुन रहा था। वह कह रहे थे केवल एक एल.डी.सी. के पेपर की जांच हुई है, जो हाईकोर्ट से संबंधित

- **प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद पेपरलीक के 25 वांछित आरोपी पकड़े गए, जरूरत पड़ी तो इसकी जांच सीबीआई से भी कराएंगे : भजनलाल शर्मा**

है। सदन के माध्यम से जानकारी देना चाहता हूं कि राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा-2021, सीएचओ भर्ती परीक्षा-2020, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2022, रीट परीक्षा-2021 सहित कई पेपरलीक की जांच एस.आई.टी. से करवा रहे है।

राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं के पेपरलीक करके राजस्थान के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने राजस्थान को पूरे देश में कलंकित कर दिया। जिस प्रदेश का युवा पूरे दुनिया भर में जाकर परचम लहराता था, उसे अपने प्रदेश में ही पेपर लीक का सामना करना पड़ा। संवैधानिक संस्था आर.पी.एस.सी. को लज्जित करने का काम पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने किया, लेकिन अब युवाओं के साथ कभी धोखा बर्दाश्त नहीं होगा। शर्म आती है कि आर.पी.एस.सी. के कुछ सदस्य पेपर चुराते हुए पकड़े गए। कुछ विधायकों पेपर लीक की जांच एस.आई.टी. की जगह सीबीआई से कराने की मांग की थी। अगर जरूरत पड़ी तो इनकी जांच सीबीआई से भी करवाएंगे।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद 7 जनवरी और 21 जनवरी 2024 को दो परीक्षाएं करवा दी गई हैं। पेपर लीक मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 25 वांछित लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के लिए सीबीआई को जांच के लिए मंजूरी नहीं दी, लेकिन हमने सीबीआई को फिर से जांच की अनुमति दे दी है।

# कांग्रेस राज में इनके मुखिया सदन में कहते थे कि महिला अत्याचार के मामले झूठे : भजनलाल शर्मा

## 'पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मुखिया के उस बयान ने अपराधियों के हौंसले बढ़ाने का काम किया'

**जयपुर** (विसं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि राजस्थान में जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, तब-तब महिला अत्याचार बढ़ते है। उस दलित महिला भंवरी को याद कीजिए, दुष्कर्म के बाद जिसकी हत्या कर दी गई थी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जब महिला अत्याचार का मुद्दा मंत्री राजेन्द्र गुढा ने उठाया तो उन्हें बर्खाशत कर दिया गया। आखिर उन्होंने ऐसा क्या कह दिया था कि सदन में बात उठाने के कुछ ही घंटे बाद अपने ही मंत्री को बर्खास्त कर दिया।

- **मुख्यमंत्री ने राज्य में जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, तब-तब महिला अपराध बढ़ते है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने तो महिला अत्याचार की बात सदन में उठाने वाले मंत्री को ही हटा दिया था**

भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि इसी विधानसभा में पिछली कांग्रेस सरकार के मुखिया ने कहा था कि राजस्थान में महिला अत्याचार के मामले झूठे होते है। सत्ताधारी दल के मुखिया के उस बयान ने अपराधियों के हौंसले बढ़ाने का काम किया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के ही वरिष्ठ सदस्य ने राजस्थान में बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर सदन में विवादित बयान दिया था कि "राजस्थान मर्दों का प्रदेश है।" ऐसे विवादित बयान शर्मसार करने वाले है। महिला शक्ति की पहचान राजस्थान को महिला अत्याचार के मामलों से शर्मसार होना पड़ा। पिछली कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान महिला अत्याचार के मामले में नंबर 1 बना रहा। हर दिन अबलाओं की इज्जत तार-तार होती थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि राजस्थान की 8 करोड़ जनता के प्रतिनिधि के तौर पर हम काम करते है, राजनीति में कई बार सच का सामना करना पड़ता है। हमें राजनीति कैसे करनी है। राजनीति के लिए तलवार की धार पर चलना होता है। मैं कह दूं और पालना नहीं करूं.. यह नहीं चलता।

# नाबालिग का अपहरण करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । प्रताप नगर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दरअसल, मामला सितंबर 2023 का है। जब जयपुर से नाबालिग का किडनैप कर लिया गया। जब बदमाशों ने नाबालिग से माता-पिता के बारे में पूछा तो उसने बताया कि पिता की मौत हो चुकी है। मां लोगों के घरों में काम करती है। जबकि लड़की के माता-पिता दोनों सरकारी कर्मचारी है, इसकी बदमाशों को भनक तक नहीं लगने दी।

डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि पुलिस ने वारदात में शामिल कुलदीप जाट (22) निवासी कागारौल जिला आगरा और तेजेन्द्र उर्फ तेजू (21) निवासी आगरा को गिरफ्तार कर लिया हैं। इस गैंग का एक अन्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है, जिसे पकड़ने के लिए टीमें बनाई गई है। उन्होंने बताया कि 14 सितम्बर 2023 में प्रताप नगर इलाके में नीट की तैयारी करने वाली एक छात्रा को बदमाशों ने जबरन फिल्मी स्टाइल में किडनैप किया था। उसे भरतपुर लेकर चले गए थे। घटना वाले दिन ही बदमाशों ने नाबालिग से परिवार के बारे में पूछा था। नाबालिग ने बताया था कि उसके पिता का देहांत हो चुका है। मां लोगों के घरों में जाकर काम करती हैं। इसके बाद बदमाशों ने उसे कार की डिग्गी में डाल दिया था। बदमाश लड़की के साथ गलत काम करना चाहते थे। जब लड़की ने कार की डिग्गी में शोर किया तो बदमाश भरतपुर के लखनपुर गांव के पास छोड़कर भाग गए थे। नाबालिग ने मुख्य सड़क पर पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद प्रताप नगर पुलिस और लड़की के परिजन मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने उसकी शिकायत पर प्रताप नगर थाने में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि लड़की की समझदारी से उसके साथ गलत नहीं हो सका। नाबालिग के माता-पिता दोनों सरकारी कर्मचारी हैं। अपहरण होने के

- **प्रताप नगर इलाके में गत सितंबर में फिल्मी स्टाइल में तीन बदमाशों ने किया था नाबालिग का अपहरण**
- **बच्ची ने खुद के शिक्षक माता-पिता की जानकारी छिपाकर फिरौती की साजिश को फेल किया था**

बाद उसने समझदारी दिखाई और तीनों लड़कों से झूठ कहा कि उसके पिता का देहांत चुका है। इसके बाद बदमाशों समझ गए कि अब पैसा नहीं मिल सकेगा। आरोपियों ने लड़की के साथ गलत काम का प्लान बनाया। लड़की के शोर करने पर जंगल में छोड़कर भाग गए। डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि पुलिस के पास अपहरण के दौरान का सीसीटीवी फुटेज था। इसमें आरोपी नाबालिग का अपहरण करते दिख रहे थे। उसके आधार पर पुलिस को कार की जानकारी मिल गई थी। कार का नंबर पुलिस के पास था, लेकिन इसमें एक नम्बर बदमाशों ने छिपा रखा था। पुलिस को सीसीटीवी में कार के पीछे वाले टायर पर लगे मडगार्ड पर लगा निशान दिख रहा था। इसकी जानकारी पुलिस ने घटना वाले दिन ही सभी जगह दे दी थी। इसके बाद से लगाकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। 28 जनवरी 2024 को पुलिस को प्रताप नगर इलाके में उसी कार का मूवमेंट दिखा । इस पर पुलिस ने कार पकडी और थाने लेकर आए। कार मालिक चला रहा था। कार मालिक ने बताया कि पिछले 5 माह में तीन लोगों को कार चलाने के लिए दे रखी थी। इस पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को प्रताप नगर से पकड़कर पूछताछ की। इस पर एक चालक ने पुलिस पूछताछ में घटना कबूल की। जिस पर उस से गहन पूछताछ हुई तो दूसरे को पुलिस ने पकड लिया। हालांकि एक अन्य आरोपी की पुलिस अभी तलाश कर रही हैं।

# विपक्ष को 25 सितंबर 2022 की पर्ची का डर सता रहा : मुख्यमंत्री

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि, मैं तो गांव से आने वाला व्यक्ति हूं। एक छोटे किसान परिवार से आता हूं। जीवन अभावों में भी गुजरा है। मेरा मुख्यमंत्री बनना शायद कांग्रेस के लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है।

दरअसल, विपक्ष के कुछ सदस्यों में पर्ची का डर बैठा है। इसलिए वो बार-बार पर्ची की बात करते हैं। विपक्ष के सदस्यों को कौनसी तारीख की पर्ची का डर है। यह डर 25 सितंबर 2022 का है। जब कांग्रेस के कुछ नेताओं ने विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर आलाकमान द्वारा भेजे हुए पर्यवेक्षकों का अपमान किया था। दरअसल सदन में कांग्रेस विधायक बार-बार पर्ची से भाजपा की सरकार चुनने का मुद्दा उठाकर बीजेपी को घेरने की कोशिश कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देते हुए जमकर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद से अगर एक भी नेता ने कोई विवादित बयान जारी किया हो तो बताओ। भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र है, अनुशासन है। कांग्रेस जैसा हाल नहीं है कि 25 सितंबर 2022 को आलाकमान पर्यवेक्षकों को राजस्थान भेजता है। विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करके पर्ची के जरिए दूसरी जगह पर बैठक बुलाई जाती है, केन्द्रीय पर्यवेक्षकों का अपमान किया जाता है।

## सार-समाचार

### नाटक "दिव्य दृष्टि" का हुआ मंचन



**जयपुर**। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजक आशादर्शन कला संस्था द्वारा दो दिवसीय "लुइस ब्रेल फेस्टिवल" का मंगलवार को समापन हुआ समापन पर रवींद्र मंच पर डॉ आशुतोष लिखित एवं युवा नाट्यय निर्देशक महेश महावर के निर्देशन में नाटक दिव्य दृष्टि का मंचन किया गया। आज की प्रस्तुति अनुपम रंग थियेटर सोसायटी द्वारा दी गई। समारोह के पहले दिन आयोजक संस्था द्वारा लुई ब्रेल जयंती पर नेत्रहीन स्कूल में दृष्टिबाधित सुगम संगीत कार्यक्रम का स्वग्रही प्रस्तुति के रूप में आयोजन किया गया, जिसमें देख सकने वाले प्रोफेशनल गायकों के साथ ही नेत्रहीन गायक कलाकारों ने भी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। नाटक "दिव्य दृष्टि" के निर्देशक महावर ने बताया कि 45 दिवसीय कार्यशाला में तैयार उक्त नाटक में एक ऐसे गांव के लोगों को केंद्र में रखा गया है जो यह मानते हैं कि नेत्रहीन बच्चा पैदा होना अभिशाप है, नेत्रहीन धरती का बोझ है नाट्यय मंचन का मूल संदेश जो आम इंसान कर सकता है, वही नेत्रहीन भी कर सकता है रहा तथा नाटक के अंतिम दृश्य में गांव के नेत्रहीन की बारात का दृश्य बेहद खूबसूरत एवं रोमांचित करने वाला रहा नाट्यय कार्यशाला के दौरान सभी कलाकारों ने नेत्रहीन बच्चों के साथ समय बिताकर उनके जीवन का दर्शन किया, नेत्रहीन व्यक्ति अपने जीवन के बारे में क्या सोचता है, लुइस ब्रेल ने नेत्रहीनों के पढ़ने के लिए ब्रेल लिपि का आविष्कार नहीं किया होता तो क्या होता, आदि विषयों को ध्यान में रखकर नाटक "दिव्य दृष्टि" को मंचित करने की डिजाइन तैयार की गई।

### जयपुर के ऐमान का दिल्ली में सम्मान




**जयपुर**, (का.सं.)। गुलाबी नगर जयपुर के रहने वाले ऐमान खान का वीरगाथा प्रतियोगिता में चयन होने पर दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा सम्मानित किया गया। ऐमान खान जगतपुरा स्थित सेंट मेरी कॉन्वेट स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ते हैं। ऐमान के पिता आदिल खान ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पूरे देश में वीरगाथा प्रतियोगिता का आयोजन पिछले वर्ष किया गया था, जिसमें बच्चों ने वीर जवानों और सेनानियों की वीरगाथा को प्रदर्शित करते हुए पेंटिंग बनाई थी। इसमें टॉप 100 बच्चों का चयन किया गया। इसके बाद चयनित बच्चों को दिल्ली बुलाया गया था। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ऐमान को सम्मानित किया। ऐमान को सम्मान स्वरूप दस हजार रुपये का चेक, मेडल और प्रशस्ति दिया गया। पिता आदिल खान ने बताया कि पेंटिंग के अलावा ऐमान पढ़ाई में भी होशियार है।

### द पैलेस स्कूल में संस्थापक दिवस



**जयपुर**, (का.सं.)। द पैलेस विद्यालय की संस्थापिका प्रिंसेस दिया कुमारी का जन्म दिवस आज बहुत ही धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक कार्यक्रम रखे गए जिसके अन्तर्गत एडवेंचर कैंप एवं इंक्लसिव ऑर्क्रेस्ट्रा भिन्न-भिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया। इस समारोह में राजकुमारी गौरवी, रमा दत्त, वैदेही सिंह एवं विशेष अतिथि के रूप में दिशा फाउंडेशन, राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ उपस्थित रहे।

### जी.एन.एम. परीक्षा का परिणाम जारी

**जयपुर** । राजस्थान नर्सिंग कौंसिल ने जी.एन.एम. तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा का मंगलवार को परिणाम जारी कर दिया है। जयपुर के रजिस्ट्रार डॉ शशिकान्त शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित जी.एन.एम. तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा तीन वर्षीय पाठ्यक्रम का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम राजस्थान नर्सिंग कौंसिल जयपुर की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# कराटे व कोबुडो बैल्ट ग्रेडिंग में 530 छात्रों ने भाग लिया

**जयपुर**, (का.सं.)। मुरलीपुरा स्थित इण्डियन मार्शल आर्टस एकेडमी की कराते प कोबुडो बैल्ट ग्रेडिंग जमना विद्यापीठ सीनियर सैकण्डरी स्कूल न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर में सम्पन्न हुई। इसमें 530 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कल्याण सीनियर सैकण्डरी स्कूल, एसएमएस स्कूल, भवानी निकेतन स्कूल, ए.वी.वी.एम. स्कूल, एस.एन. कॉन्वेंट स्कूल, लोटस स्कूल, जी.आर. ग्लोबल एकेडमी, महाराजा सवाई मानसिंह स्कूल, हंसराज एकेडमी रकूल, श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल, यूरो किड्स स्कूल माधव नगर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें उत्तर भारत के प्रमुख प्रशिक्षक गौजू रयू केनसिकाय सिंहान महेन्द्र गहलोत, ब्लेक बेल्ट 6 डान के सानिध्य में हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जमना विद्यापीठ स्कूल के डायरेक्टर मंजूबाला चौधरी, महेन्द्र खण्डेलवाल समाजसेवी मुख्य अतिथि रहे। इसमें यलो बेल्ट में वन्दना कुमारी, बाबूलाल सैनी, कनिष्का राठौड, कृतिका जोशी, समीर, ओरेन्ज बैल्ट- मेघा गहलोत, शिवम भाटी, ग्रीन बैल्ट अवन्तिका सरोज, पूजा गुर्जर, प्रेरक बंसल, हर्षिता वर्मा, भुवित कुमावत, ब्ल्यू बैल्ट युवराज सैन, वन्दना सैनी, आरती सैनी, परपल बैल्ट मानव पारीक, ब्राउन-4- माहिका, अदिति चौधरी, ब्राउन-3- अस्तित्व दायमा, रुद्राक्ष शर्मा ब्राउन-2- अमन सैनी, सुहानी स्वामी ब्राउन-1- देव भाटी, ब्लैक बैल्ट नव्या कुमारी, दिव्यांश वर्मा, कृष्णा तिवारी, केतन जांगिड, वर्षा थालानी अव्वल रहे । इस अवसर पर श्री चौथमल भगेरिया, संजय सिंगड (निदेशक विजय सेन्ट्रल एकेडमी), एडवोकेट गोपाल कृष्ण नारनोलिया मौजूद थे।

# देवनानी के प्रयासों से गतिरोध खत्म

**जयपुर** । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के रणनीतिक प्रयासों से सदन में चल रहा गतिरोध दूर हुआ और राज्यपाल के अभिभाषण पर मंगलवार को धन्यवाद प्रस्ताव शांतिपूर्वक सम्पन्न हो पाया। देवनानी की पहल से प्रतिपक्ष के सदस्य राज्यपाल अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव में शामिल हुए। ईआरसीपी पर बहस होने के बाद प्रतिपक्ष के वैल में आने से सदन में गतिरोध हुआ। देवनानी ने कार्यवाही स्थगित कर प्रतिपक्ष के सदस्यों को अपने कक्ष में बुलाकर उन्हें विश्वास में लिया और उनकी समस्यााओं का समाधान कर धन्यवाद प्रस्ताव में प्रतिपक्ष को शामिल होने के लिये तैयार किया। अध्यक्ष देवनानी ने प्रतिपक्ष की ईआरसीपी पर चर्चा की मांग को मानते हुए मंगलवार को सदन में आधे घण्टे की चर्चा कराई गई। देवनानी के इस निर्णय की पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों ने सराहना की।

# जयपुर में एक फरवरी से सजेगा पत्थरों का बाजार

**जयपुर**। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पत्थर उद्योगों एवं अन्य गतिविधियों का प्रमुख स्थान है। राजस्थान में खनिज पत्थर एवं इससे संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रयासरत है। इसी दिशा में रीको के अभिन्न अंग सेन्टर फॉर डवलपमेंट ऑफ़ स्टोन्स (सीडॉस) के तत्वावधान में इंडिया स्टोनमार्ट-2024 के 12वें संस्करण का शुभारंभ 1 फरवरी 2024 को प्रातः 11 बजे जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेन्टर सीतापुरा में किया जाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट का यह अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन 1 से 4 फरवरी तक आयोजित होगा।

यह आयोजन पत्थर उद्योग से संबधित विभिन्न हितधारकों जैसे घरेलू और विदेशी उत्पादकों, निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और खरीदारों, विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, वास्तुकारों, बिल्डरों, डेवलपर्स, कॉरपोरेट्स आदि को एक छत के नीचे लाएगा। इंडिया स्टोनमार्ट-2024 स्टोन सेक्टर से जुड़े उद्यिमयों, सेवा प्रदाताओं, मैन्युफैक्चरर्स, कारोबारी जैसे एग्जीबिटर्स को दुनिया भर के उपभोक्ताओं के बीच अपने उत्पादों, सेवाओं और ब्रांडिंग को बढ़ावा देने और उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करेगा। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट प्रदेश के समृद्ध पत्थर उद्योग को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाने में कामयाब साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों की राह खुलेगी। प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है।

# प्रेमिका के पति की हत्या करने वाला गिरफ्तार

## शराब पार्टी के बहाने युवक को सुनसान जगह ले जाकर गला रेता था

**जयपुर**। मुहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमिका के पति की हत्या करने वाले हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित शराब पार्टी के बहाने पति को बाइक पर बैठाकर प्रेमी सुनसान जगह ले गया। खाली प्लॉट में चाकू से गला रेतकर मारने के बाद हत्यारा फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर मंगलवार शाम हत्यारे को गिरफ्तार किया है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी चन्दन कुमार मालदार (28) निवासी पुर्नियां बिहार हाल रामपुरा रोड सांगानेर को गिरफ्तार किया गया है। 29 जनवरी की सुबह पार्श्वनाथ कॉलोनी मुहाना स्थित खाली प्लॉट में एक युवक का शव पड़ा मिला



मुहाना पुलिस ने युवक की हत्या करने वाले को गिरफ्तार किया।

था। मृतक की पहचान रामरहीस उर्फ विकास (29) निवासी बिहार हाल मुहाना के रूप में हुई। चाकू या ब्लेड से गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने सबूत जुटाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में भिजवाया। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई मोहन की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया। गोतम डोटासरा ने बताया कि जांच में सामने आया है कि 28 जनवरी की शाम चंदन को रामरहीस उर्फ विकास के साथ देखा गया था। बिहार में फरारी काटने की प्लानिंग कर तैयारी करते आरोपी चंदन को पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ में आरोपी चंदन ने रामरहीस की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ में बताया कि पिछले काफी समय से रामरहीस की पत्नी नीलम से उसके अवैध संबंध थे।

पत्नी के अवैध संबंध होने का पता चलने पर रामरहीस विरोध करता था। इसके चलते ही रामरहीस ने अपनी पत्नी को बिहार स्थित पीहर भेज दिया। पत्नी को भेजने को लेकर रामरहीस की हत्या को लेकर प्लान बनाया। रामरहीस ने जैसे-तैसे नजदीकियां बढ़ाई। शराब पार्टी के बहाने शाम को बाइक पर बैठाकर रामरहीस को सुनसान जगह ले गया। शराब पार्टी के बाद सुनसान जगह स्थित खाली प्लाट में गला रेतकर हत्या कर दी। लाश को छोड़कर बाइक लेकर वापस घर आ गया।

# नारायणपुरी में चोरों का आतंक

**जयपुर** । राजधानी के झोटवाड़ा इलाके की नारायणपुरी में इन दिनों चोरों का आतंक मचा हुआ है। यहां चोर सूने मकानों के ताले तोड़कर उन्हें निशाना बना रहे है। बदमाशों ने सोमवार को भी इलाके में एक फोटो पत्रकार के सूने मकान में भी चोरी का प्रसास किया।

पीड़ित फोटो पत्रकार जाकिर हुसैन ने बताया कि उसका नारायणपुरी ए में 149 नम्बर का मकान है। वह सोमवार को घर का ताला लगाकर परिवार सहित शादी समारोह में गया हुआ था। पीछे से रात करीब साढ़े दस बजे एक बदमाश ने घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया। ताला नहीं टूटने पर उसे आरी से काटने लगा। इस दौरान तोड़फोड की आवाज होने पर आसपास के लोग घर से बाहर निकल आए और बदमाश को दबोच लिया और उससे मारपीट कर दी। लोगों ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने कोई जबाव नहीं दिया। उसके बारे में पता करने पर मालूम चला कि वह नशे का आदि था। आरोपी मौका देखकर भाग निकला। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके

- **इलाके में सोमवार को एक फोटो पत्रकार के सूने मकान में चोरी का प्रसास कर रहे नशेड़ी को धुना**
- **हाल ही में एक मकान में 12 जनवरी को लाखों की चोरी की बड़ी घटना हुई थी।**

में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। हाल ही में संजय खान निवासी 118, श्रीनारायणपुरी झोटवाडा के मकान में 12 जनवरी को चोरी की बड़ी घटना हुई थी। चोर यहां से 11 लाख रुपए के जेवर चोरी कर ले गए। सीसीटीवी में तीन चोर नजर आ रहे थे। पीड़ित ने इस संबंध में झोटवाडा थाने में मामला दर्ज करवा रखा है, लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है। इलाके में आए दिन चोरी की वारदातें होने से लोगों में आक्रोश बना हुआ है।

# सरकार 'ऑटो रिक्शा' जैसी : धारीवाल

बैठक में जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए जलदाय विभाग के अधिकारियों को जिले में आ रही पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए कड़े आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा पानी की समस्या का तुरंत निवारण कर समाधान करे अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही सामने आने पर विभागीय कार्रवाई करें अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से जनसुनवाई व संपर्क पोर्टल पर लंबित मामलों की समीक्षा में सामने आए लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए व समय सीमा में कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों पर आवश्यक करवाई के निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने 100 सैचुरेशन लाने के लिए सर्वे कर लाभार्थियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। अवैध खनन को लेकर जिले भर में की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की अवैध खनन को किसी भी सूरत में जिले में नहीं होने दिया जाएगा। अगर कोई अधिकारी कर्मचारी अवैध खनन में लिप्त पाया जाता है या अवैध खनन को लेकर शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। राजस्व विभाग के सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल-तिजारा सभी तहसीलदार व कलेक्ट्रेट कार्मिक मौजूद रहे।

- बैठक में जिला कलेक्टर ने पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों आदि पर समीक्षा की

## प्रतिभाओं का वार्षिकोत्सव समारोह में सम्मान किया

**निवाई।** राजकीय विद्यालय सिटी नंबर 3 में वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक आयोजित हुआ जिसमें प्रतिभाओं एवं भामाशाओं को सम्मानित किया गया। शारीरिक शिक्षक रामकिशन गुर्जर, अध्यापिका मोहन कंवर ने बताया कि समारोह में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी सांवरमल सैनी ने कहा कि बालकों का सर्वज्ञ विकास शिक्षा के द्वारा ही संभव है। उन्होंने वर्तमान समय मे पाश्चात्य की संस्कृति को छोडकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी।

विशिष्ट अतिथि दिनेश नागर, संजय सैनी, चोथमल सेन, मधु शर्मा, सुनीता शर्मा, पप्पू खान, कृष्ण बैरवा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक जियाराम मीणा ने की।

- 'बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए'

इस अवसर पर शकुंतला वर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, विमलकुमार विजय, मोहन कंवर व पुष्पा तौनगरिया सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इसी प्रकार राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बडागांव में वार्षिकोत्सव का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि विनोद साँखला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिराम मीणा जगसरा ने की। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान अतिथियों ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विनोद साँखला ने कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए कई गतिविधि का समय-समय आयोजन होना चाहिए। इस अवसर पर उपसरपंच हंसराज गुर्जर, रणजीत सिंह, गोपीलाल डीलर, रामसहाय जाट, राधेश्याम जयसवाल, गोविंदनारायण जाट, टोरडी प्रधानाध्यापक हरिराम मीणा, दीपेंद्रसिंह राजावत, गोविंदराम कुमावत, नीरजकुमार कंवरिया प्रतीक्षा सेन, राकेश चौधरी व अंकिता शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## महापुरूषों को याद किया

**निवाई।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शैक्षिक मंथन के सम्पादक एवं एबीआरएसएम के जयपुर विभाग संयोजक प्रो. शिवशरण कौशिक मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने सर्वप्रथम शहीद दिवस पर गांधीजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए शिक्षा, शिक्षा हित में शिक्षक तथा शिक्षक हित में समाज का ध्येय लेकर कार्य करने वाला महासंघ अपने अधिकारों से पहले कर्तव्यों की चिन्ता करता है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, स्वामी विवेकानंद, स्वतंत्रता सेनानी तथा सैनिकों का उदाहरण देकर भारतीय समाज की कर्तव्य भावना की दीर्घ परंपरा की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ. मीनाक्षी बघेल, डॉ. देवव्रत शर्मा आदि सहित सभी संकाय सदस्य, कर्मचारीगण तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

## 5 हजार रूपये का ईनामी व टॉपटेन अपराधी गिरफ्तार

**निवाई ।** स्थानीय पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे रवि पण्ड़ित गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है एवं 5 हजार रूपये के एक ईनामी व टॉप 10 अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिपालसिंह ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श चौधरी के निर्देशानुसार ड़ीवाईएसपी महावीरसिंह के सुपर विजय में रवि पण्ड़ित गैग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि उक्त अपराधी 5 हजार रूपये के ईनामी एवं टोंक जिले के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल है। उन्होंने बताया कि गैग के एक अपराधी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया जिससे एक देशी पिस्टल, एक देशी कटटा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए जा चुके ह टीम ने धरपकड़ अभियान को लेकर आर्म्स एक्ट के दर्ज मामले में फरार चल रहे गैंग के अपराधी रवि कलाल उर्फ रविराज चौधरी पुत्र देवीलाल कलाल निवासी पारेल थाना केसरिया जिला प्रतापगढ़, हाल निवासी रामचन्द्रपुरा भाकरोटा, रामप्रसाद उर्फ आरपी पुत्र सीताराम यादव निवासी भोजीयादण्ड़ थाना शिवदासपुरा जिला जयपुर हाल निवासी कृषि नगर बम्बाला पुलिया थाना मालपुरा गेट जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए एक वर्ष से फरार 5 हजार रूपये के ईनामी अपराधी बाबूलाल मीणा पुत्र सीताराम मीणा निवासी शीशवाली ढ़ाणी महेशपुरा थाना कोटखावदा को गिरफ्तार किया है।

# शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने के लिए सरकार गंभीर वही अधिकारी अभी भी नींद में

**किशनगढ़ बास।** नगर पालिका की ओर से शहर में 25 वार्ड़ों की सफाई पर करीब 10 लाख रुपए प्रति महीने खर्च किए जा रहे हैं और इसके बाद भी गंदगी से नालियां भरी है, कचरो के ढ़ेर गली मोहल्ले में लगे हैं। आस पड़ोस के लोगों को सड़ाद और बदबू के बीच जीवन यापन करना पड़ रहा है हवा के साथ फैलती दूर-दूर तक दुर्गंध से बीमारी फैलने का अंदेशा बना है। राहगीर भी कचरे के ढ़ेर से उठने वाली बदबू से परेशान है। दूसरी और प्रदेश की भाजपा सरकार व स्वायत शासन मंत्री नगरीय निकायों क्षेत्र में बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर है इसके बाद भी नगर पालिका अधिकारीयों की निष्क्रिय है।

नगर पालिका के वार्ड़ 13 में खुराना चौक के पास पिछले कुछ महीनो से सड़क किनारे कचरा संग्रह केंद्र बनाया हुआ है। नगर पालिका ठेकेदार की ओर से लगाए गए सफाई कर्मचारी सड़क पर सफाई करने के लिए आते हैं कचरा उठाने के लिए रिक्शा लेकर कर्मचारी आते हैं लेकिन सड़क किनारे एकत्रित हो रहे गंदगी के ढ़ेर की ओर कोई नहीं देख रहा है। आसपास के लोगों से जब गंदगी को लेकर पूछा गया तो बताया कि पता नहीं कौन कचरा ड़ाल जाता है। कई बार कचरा उठवाने व गंदगी फैलाने वालों पर पाबंदी लगाए जाने के लिए पार्षद सहित नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी को कहा जा चुका है।मुख्य बाजार में अमावस्या और पूर्णिमा पर नालियों की सफाई कराई जाती है। कई बार तो एक-एक महीने तक नालियों की सफाई नहीं कराई जाती है। अक्सर नालियां गंदगी से लबालब भरी हुई देखी जा सकती है। दिनभर दुकान पर बैठने वाले वह ग्राहकों को बदबू का सामना करना पड़ता है। टेलर गली में तो अक्सर नाली अवरुद्ध रहने के कारण नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। अभी हाल में बत्रा कॉलोनी के लोग परेशान होकर पार्षद के नेतृत्व में पूर्व विधायक रामहेत यादव से और सड़क पर बैठे गंदी नालियों के पानी को लेकर शिकायत की इस पर नाराज पूर्व विधायक यादव ने नगर पालिका अधिकारी को फोन पर तुरंत सफाई के निर्देश दिए जब नाली की सफाई कराई गई यह हालत नगर पालिका के बने हैं।नगर पालिका की ओर से ड़ोर टू ड़ोर कचरा संग्रहण करने के लिए टिप्पर लगाए हुए हैं। इसके अलावा प्रतिवर्ष एक करोड़ से अधिक की राशि का शहर के 25 वार्ड़ों की सफाई के लिए टेंड़र छोड़ा गया है। सफाई टेंड़र में शहर का कचरा शहर से बाहर ले जाने तथा वार्ड़ वार्ड़ में सफाई के लिए लगभग 100 कर्मचारी ट्रैक्टर जेसीबी मशीन आदि को शामिल किया गया है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने कभी मौके पर पहुंचकर ना तो कर्मचारियों की उपस्थिति देखी है और ना ही सफाई के लिए लगाए गए संसाधनों की जांच की। लोगों का तो यहां तक कहना है कि नगर पालिका और ठेकेदार दोनों की मिली भगत से शहर की सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल है। नगर पालिका ईओ लंबे समय से अवकाश पर है उनके स्थान पर तहसीलदार किशनगढ़ बास को ईओ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ है।



किशनगढ़बास के वार्ड़ नंबर 13 खुराना चौक के पास सड़क किनारे लगा गंदगी का ढ़रे।

- सफाई पर 10 लाख रुपया हर महीने खर्च फिर भी लगे हैं कचरे के ढ़ेर बदबू से वातावरण हो रहा है दूषित
- पालिका ईओ लंबे समय से अवकाश पर तहसीलदार के पास है अधिकारी का चार्ज

## छात्र-छात्राओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**मनोहरपुर।** शाहपुरा उपखंड के बिदारा स्थित लक्ष्मी इंटरनेशनल एकेडमी के छात्र - छात्राओं ने नेशनल ऑरेंज ग्लोबल ओलंपियाड 2023 - 24 में शानदार प्रदर्शन किया है।

विद्यालय के प्राचार्य एम. आर. वर्मा ने बताया कि ओलंपियाड में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर 6 स्वर्ण पदक 6 रजत पदक व 8 कांस्य पदक जीतकर अपनी सफलता का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विद्यालय द्वारा इस प्रकार कुल 20 पदक हासिल किए हैं। वही विद्यालय के 78 विद्यार्थियों का आगामी परीक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा ऑनलाइन आयोजित करवाई जाएंगी। ओलंपियाड के कॉर्डिनेटर मोहन सोनी ने बताया कि विद्यालय के छात्र प्रांजल राजोरिया, आरवी यादव, परवीर यादव, धारवी यादव, पायल मीणा, आरव शर्मा ने स्वर्ण पदक ,मानविक भट्ट , धारवी यादव , आर्यन शर्मा, आयुषी शर्मा, प्रांजल राजोरिया, मयंक यादव ने रजत पदक व अक्षय शर्मा , शिवांश शर्मा, लक्षिता खांडल , सार्थक सिंह, कनिष्क अग्रवाल, ईशाज कृष्णा ,आरवी यादव व युविका यादव ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय परिवार, शिक्षक गण व अपने माता-पिता का मान - सम्मान बढ़ गया है। विद्यालय के कक्षा 4 के छात्र सार्थक सिंह व चांद अंकुर ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 1000 का नगद पुरस्कार प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया है।

## सार-समाचार

### कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



**टोंक।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेसजनों ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण सर्व धर्म प्रार्थना सभा, मौन धारण में भाग लेकर महात्मा गांधी को याद किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि राष्ट्रिपता महात्मा गांधी ने भारत के महान आदर्शों से पूरी दुनिया को रूबरू कराने वाले एवं सत्य एवं अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले, शांतिपूर्ण आंदोलन, प्रेम-भाईचारा व सत्याग्रह जैसी विरासत हमें बापू से ही मिली हैं, जिसकी राह पर आगे बढ़ हम भारत को जोड़ रहे हैं। इस अवसर पर इस अवसर पर पूर्व विधायक कमल बैरवा, सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा, पार्षद सुनील बंसल, शब्बीर अहमद, मोहम्मद फिरोज नागोरी, सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिद, जर्रार खान, युसूफ यूनिवर्सल, फोजू राम मीणा, नसीम अंसारी, पूर्व डीआर मणिन्द्र बैरवा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, शबाना, उप-सभापति बजरंग लाल वर्मा, सुरेंद्र रेगर, बाबूलाल वर्मा, विनोद मराठा, राजू रेगर, वसीम अकरम, शकील मियां, विक्रम सिंह आदि कांग्रेस जनों ने बापू को याद किया।

### विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

**रामगढ़ पचवारा।** राशन ड़ीलरों को राहत प्रदान करने की मांग लालसोट विधायक रामबिलास डूंगरपुर से जयपुर सरकारी आवास पर राशन ड़ीलर एसोसिएशन के प्रतिनिधित्व मंड़ल ने प्रदेश अध्यक्ष हेमराज मीणा के नेतृत्व में विधायक से मुलाकात कर विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपकर राहत प्रदान करने की मांग की गई। भाजपा मीड़िया प्रभारी मोतीलाल शाहजहांनपुरा ने बताया राशन ड़ीलर एसोसिएशन के द्वारा विधायक को मांग पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है एसोसिएशन का नेतृत्व कर रहे हेमराज मीणा लालसोट विधानसभा क्षेत्र से आते हैं उन्होंने ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ विधायक आवास पहुंचकर प्रदेश में राशन ड़ीलरों को गुजरात सरकार की तर्ज पर 30 हजार रूपये मासिक मिनिमम मानदेय सुनिश्चित किए जाने और 20 हजार रूपये से कम कमीशन राशि वाले राशन ड़ीलरों मिनिमम 20 हजार रूपये सुनिश्चित करने एवं 2016 से पूर्व की भांति 1 प्रतिशत छीजत का पोश मशीन में प्रावधान लागू करने बकाया कमीशन का तुरंत भुगतान करने की मांग को है इस अवसर पर राशन ड़ीलर एसोसिएशन के तेजराम मीना प्रदेश सदस्य विनोद भादरा प्रदेश मंत्री खेमराज सैनी टोंक प्रदेश महामंत्री लादूराम जाट केकड़ी प्रदेश सदस्य लादूराम हनुमानगढ़ जोगेन्दर प्रदेश कोषाध्यक्ष राशन ड़ीलर एसोसिएशन रामप्रसाद मीणा लालसोट तहसील अध्यक्ष राशन ड़ीलर एसोसिएशन मुकेश सैनी नगर अध्यक्ष राशन ड़ीलर एसोसिएशन मनोज खांड़ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का किया विमोचन

**चाकसू**(निस) मंगलवार को माली समाज की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान के नेतृत्व में आगामी फुलेरा दूज को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन राजस्थान कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के द्वारा किया गया। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान अध्यक्ष राधेश्याम मौर्य जादम के नेतृत्व में समिति सदस्यों एवं समाज बंधुओ की ओर से कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। इस मौके पर मंत्री गहलोत ने कहा कि कई लड़कियों की शादी करने में तो पिता की कमर ही टूट जाती है। विवाह के लिए लिया गया कर्ज बाकी की जिंदगी को भी दुश्वार कर देता है। इन सब स्थिति से बचने के लिए जरूरतमंद परिवार की कन्याओं के खर्च बगैर विवाह के लिए समाज एवं संस्थाओं की भूमिका सराहनीय हो जाती है। इस दौरान आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा कीरूपनारायण, लक्ष्मी नारायण,ग्यारसी लाल, सत्यनारायण, हनुमान सिंह, लालाराम, श्रवण लाल, सुरेश, कमलेश, सोहनलाल, मुकेश, शंकरलाल, रामधन, भंवरलाल, छीत्तरमल, नाथूलाल, किशोरी लाल, सुरेश चन्द, विनोद कुमार, कैलाश चन्द, रामगोपाल, जगदीश, कैलाशचन्द, शंकर, पूरण, रामेश्वर, छोटूराम, सत्यनारायण, रामसहाय, कन्हैया लाल सहित कई समाज बंधू मौजूद रहे।

### 'शिक्षा से मनुष्य का सर्वांगीण विकास'

**सिरस।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पराना में वार्षिकोत्सव का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच गिरिराज बुरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। सरपंच बुरी ने कहा कि शिक्षा से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। राष्ट्र के निर्माण में शिक्षित बालक बालिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा घूमर एवं गोरबंद सहित कई राजस्थानी गानों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। नशा मुक्ति हेतु विद्यार्थियों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान शाला स्टॉफ द्वारा भामाशाहों, भूतपूर्व विद्यार्थीयों व प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर प्रधानाचार्य शकंरलाल जाट, राजेंद्र मीणा, ओमप्रकाश महावर, रामप्रसाद जाट, रामावतार जाट, गजानंद मीणा, सविता सोनी, बीना मीणा, योगेश जाखड, मदनलाल, राजेश जैन, शिवराज शर्मा, कजोड मल बैरवा, घनश्याम बैरवा, विजयकुमार डंगोरिया, सुनील वर्मा व अनुराग जाट सहित कई अध्यापक, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

### दूदू पुलिया के पर नालों की सफाई शुरू

**दूदू।** जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में सफ़ाई व्यवस्था दुरूस्त करने को लेकर सोमवार को नगर परिषद दूदू व नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा दूदू पुलिया के दोनों तरफ के नालों की सफाई का कार्य शुरू किया गया। नगर परिषद आयुक्त शिकेश कांकरिया ने बताया की पुलिया के दोनों तरफ के नालों में काफी समय से सफाई नहीं की गई थी जिससे नालों में प्लास्टिक व गंदगी जमा हो गई थी। उन्होंने बताया की जिससे नालों में जल भराव तथा ओवरफ्लो की समस्या रहती थी। नगर परिषद आयुक्त ने बताया की जिला कलक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला द्वारा सडक सुरक्षा समिती की बैठक में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश प्रदान किए गए थे। जिनकी अनुपालना में सोमवार से नालों की सफाई शुरू की गई हैं जिसके तहत नालों के ढ़क्कन कर अंदर से पूरी साफ सफाई तथा जहां-जहां पर ढ़क्कन उपलब्ध नहीं है वहां ढ़क्कन भी लगाने का कार्य किया जाएगा।

### फुड़ लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए शिविर का आयोजन होगा

**दूदू।** राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत 31 जनवरी बुधवार को दूदू में पायल एण्ड कंपनी, श्रीराम मिष्ठान भंडार के पास, रोडवेज बस स्टैंड के सामने प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक फूड लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में किराना, मिठाई,होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, कैटरिंग व्यापारियों,फास्ट फूड, चाट, पकोडी, फल, सब्जी का ठेला स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं के आवेदन ऑनलाइन कर मौके पर ही लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। साथ ही शिविर में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थ की शुद्धता, गुणवक्ता एवं मिलावट के संबंध में संबंध में जागरूक किया जाएगा। शिविर में आमजन के लिए खाद्य पदार्थों की जांच करवाने की सुविधा भी होगी।

# पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह की पत्नी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

अलवर/बाडमेर, (निसं)। राजस्थान के बाड़मेर जिले के जसोल के ठाकर जसवंत सिंह के बेटे पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल की पत्नी चित्रा सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में मानवेंद्र सिंह, उनका बेटा हमीर सिंह और ड्राइवर घायल हो गए हैं।

हादसा मंगलवार शाम 5 बजे अलवर के नौगांवा के पास खुसपुरी (हरियाणा बॉर्डर) पर हुआ। घायलों को अलवर के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मानवेंद्र सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में विदेश मंत्री रहे जसवंत सिंह के बेटे हैं। मानवेंद्र सिंह के बेटे हमीर सिंह के हाथ और नाक में फ्रैक्चर है।

हादसे की जानकारी मिलने पर उनके जानकार अस्पताल में पहुंचे। सिंह पूरे परिवार के साथ दिल्ली से जयपुर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका एक्सीडेंट हो गया। दुर्घटना में मानवेन्द्र सिंह की कार एक खंभे से जा टकराई। अलवर के ए.एस.पी. तेजपाल सिंह ने बताया कि, हादसा किस वजह से हुआ, फिलहाल, इसके स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं।



पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह



मानवेन्द्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह, जिनकी मंगलवार को दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

ज्ञातव्य है कि, जसवंत सिंह भाजपा से राजनीतिक तकरार के बाद कांग्रेस में आ गये थे । लंबे समय से जोधपुर एयरफोर्स क्षेत्र में रह रहे जसवंत सिंह का पैतृक गांव जसोल है। पूर्व विदेश मंत्री की पुत्रवधू चित्रा सिंह चितौडगढ़ के भैंसरोडगढ़ राजघराने परिवार से हैं।

- **मानवेन्द्र सिंह व उनके पुत्र हमीर सिंह भी घायल हुए। डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है।**
- **दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर हरियाणा की सीमा के पास उनकी कार पिलर से टकरा गयी थी।**

## सांसदों का निलम्बन रद्द किया जाएगा

नयी दिल्ली, 30 जनवरी। संसद के बजट सत्र में संसद में, अनुकूल माहौल बनाने के लिए सरकार ने पिछले सत्र में निलम्बित सांसदों का निलम्बन वापस लेने का प्रस्ताव किया है और दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बुधवार से शुरु हो रहे संसद के संक्षिप्त बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि, उन्होंने सांसदों का निलम्बन वापस लेने के बारे में लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्यसभा के सभापति से बात की है। उन्होंने कहा कि, बैठक में कुल 30 दलों के 45 नेताओं ने हिस्सा लिया और सभी ने अनुकूल माहौल में अपनी बातें रखीं। बैठक में सरकार ने सांसदों से आग्रह किया है कि, यह 17वीं लोकसभा का आखिरी और बहुत छोटा सत्र है। सत्र में संसद का काम पूरा हो सके इसलिए सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संसद चलाने दें।

# मुख्यमंत्री ने पी.एम. सम्मान निधि, पेंशन और गेहूं की फसल पर बोनस राशि बढ़ाई

- **मुख्यमंत्री ने गेहूं की खरीद पर प्रति क्विंटल 125 रू. बतौर बोनस देने की घोषणा की।**
- **किसानों को पी.एम. सम्मान निधि के तहत प्रति वर्ष 6000 रू. की बजाय 8000 रू. मिलेंगे।**
- **सामाजिक सुरक्षा पेंशन में भी 150 रू. की वृद्धि की गई, अब विधवा, बुजुर्गों व परित्यात्त्काओं को प्रति माह 1000 रू. की बजाय 1150 रू. मिलेंगे।**

**-विधानसभा संवाददाता-**

जयपुर, 30 जनवरी । राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कुछ बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने किसानों को राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली प्रधानमंत्री सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) पर गेहूं की खरीद में बोनस राशि की बढ़ोतरी की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में कहा कि, पी.एम. सम्मान निधि के तहत अब किसानों को हर साल 8 हजार रुपए मिलेंगे, जबकि पूर्व में 6 हजार रुपए मिलते थे।

इससे राजस्थान सरकार पर 1300 करोड़ रुपए का भार आएगा। मुख्यमंत्री ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) पर गेहूं की फसल पर किसानों को प्रति क्विटंल 125 रू. का बोनस देने की घोषणा की। अब तक गेहूं की फसल पर बोनस सहित प्रति क्विंटल 2275 रुपए मिलते थे, अब 2400 रुपए प्रति क्विंटल की राशि दी जायेगी। राज्य सरकार इसे चरणबद्ध तरीके से 2700 रु. प्रति क्विंटल तक बढ़ाएगी।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में भी 150 रुपए की बढ़ोतरी की है। विधवा, बुजुर्गों और परित्यक्ताओं को अब हर महीने एक हजार के बजाय 1150 रुपए मिलेंगे। इससे सरकार पर 1800 करोड़ रुपए का भार आएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पाक विस्थापित परिवारों को आवास व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार अलग से योजना लाएगी।

# अलवर में 10 करोड़ रू. की सरकारी भूमि हड़पने का मामला सामने आया

## पी.डब्ल्यु.डी. के अफसरों की मिली-भगत से 0.217 हैक्टेयर भूमि पर कब्जा किया गया है

- **यह मामला पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुआ है, जिस पर से हाल ही में पर्दा उठा है।**
- **इस मामले में उपमुख्यमंत्री व पी.डब्ल्यु.डी. मंत्री दिया कुमारी से दो अधिकारियों के निलंबन की सिफारिश की गई है।**

जयपुर, 30 जनवरी (का.सं.)। नई राज्य सरकार के गठन के बाद पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार व बेतरतीब फैसलों की जांच के दौरान अलवर में सार्वजनिक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) की 0.217 हैक्टेयर भूमि विभाग के अफसरों की मिली भगत से हड़पने का मामला सामने आया है। उक्त भूमि का मूल्य लगभग 10 करोड़ बताया जा रहा है। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि, इस मामले की जांच के दौरान अधिशाषी अभियंता के स्तर से ऊँचे दो अफसरों के निलंबन के लिए उपमुख्यमंत्री और पी.डब्लयु.डी मंत्री दिया कुमारी और एडीशनल चीफ सैक्रेटरी (पी.डब्ल्यु.डी.) से सिफारिश की गई है, जिस पर शीघ्र कार्यवाही हो सकती है।

तथ्यों के अनुसार 6 सितम्बर 2023 को विद्युत खंड अलवर के अधिशाषी अभियंता ने अपने कार्यालय को अधीक्षण अभियंता कार्यालय में स्थानांतरित करने के लिये पत्र लिखा, जो पी.डब्ल्यू.डी. की 0.217 हैक्टेयर भूमि पर स्थित है। हैरानी की बात है कि, 12 सितम्बर 2023 को स्थानांतरित करने के आदेश भी प्राप्त हो गये, जबकि नियमानुसार कार्यालय स्थानांतरण करने से पूर्व प्रशासनिक विभाग की सक्षम स्वीकृति ली जानी चाहिये थी।

तथ्यों से यह भी स्पष्ट होता है कि, जिस समय उक्त भूमि से कार्यलय स्थानांतरण के लिये पत्र लिखा गया था और उसकी स्वीकृति मिली थी, उसके तुरंत बाद ही पी.डब्ल्यू. डी. की उक्त भूमि पर एक प्राईवेट व्यक्ति का कब्जा होने की जानकारी भी मिली। यह घटनाक्रम बेहद संदेहास्पद था और इसके लिये अलवर अधीक्षण अभियंता कार्यालय के अधिकारी की जिम्मेदारी व जवाबदेही बताई जा रही है।

## 'बेरोजगार युवा इज़रायल जाने को मजबूर हैं'

नयी दिल्ली, 30 जनवरी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर युवकों को रोजगार मुहैया नहीं कराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि, हर साल दो करोड़ युवकों को रोजगार देने का वादा जुमला साबित हुआ है और यही वजह है कि, बेरोजगार युवा युद्धग्रस्त इजराइल जाकर खतरा उठाने को मजबूर हैं और सरकार के पास कोई उपाय नहीं है।

वाड्रा ने कहा, अगर कहीं पर युद्ध के हालात हैं तो सबसे पहले हम अपने नागरिकों को वहाँ से बचाकर, वापस अपने वतन लाते हैं लेकिन बेरोजगारी ने आज वो हाल कर दिया है कि देश की सरकार हजारों असहाय और मजबूर युवाओं को युद्धग्रस्त इजराइल जाकर ये खतरा उठाने से भी बचा नहीं रही है।

# सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 प्रत्याशियों की घोषणा की

- **मई में होने वाले चुनावों में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की यह पहली सूची है।**

लखनऊ, 30 जनवरी। समाजवादी पार्टी (सपा) ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए मंगलवार को मौजूदा सांसद डिंपल यादव और शफीकुर रहमान बर्क समेत 16 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा सांसद शफीकुर रहमान बर्क को उसी सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह, मैनपुरी सीट से मौजूदा सांसद और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव फिर से उसी सीट से चुनाव लड़ेंगी।

गौरतलब है कि, डिंपल ने 2022 में पार्टी संरक्षक और अपने ससुर मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी सीट पर उपचुनाव जीता था। मैनपुरी को सपा का आधार माना जाता है।

पार्टी ने पूर्व सांसद और सपा के प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को फिरोज़ाबाद से अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि अखिलेश के चचेरे भाई और पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव बदायूं सीट से चुनाव लड़ेंगे।

पार्टी ने लखनऊ से मौजूदा विधायक रविदास मेहरोत्रा को मैदान में उतारा है। इसी तरह अंबेडकर नगर सीट से मौजूदा विधायक लालजी वर्मा का पर्चा दाखिल किया गया है। एक अन्य विधायक अवधेश प्रसाद को अयोध्या से उम्मीदवार बनाया गया है।

पूर्व सांसद अनु टंडन उन्नाव से चुनाव लड़ेंगी। अनु टंडन 2009 के आम चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर इसी सीट से सांसद चुनी गई थीं, बाद में वह 2020 में सपा में शामिल हो गईं।

पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया को लखीमपुर खीरी जिले की धौरेहरा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। छात्र नेता के तौर पर अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले भदौरिया को सपा प्रमुख अखिलेश यादव का करीबी माना जाता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर में सपा ने अभिनेत्री काजल निषाद को मैदान में उतारा है, वहीं, एटा से पार्टी ने देवेश शाक्य को अपना उम्मीदवार बनाया है।

खीरी सीट पर उत्कर्ष वर्मा सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। डॉ. नवल किशोर शाक्य फर्रुखाबाद से चुनाव लड़ेंगे, वहीं राजा राम पाल अकबरपुर से पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार होंगे। बांदा से पूर्व मंत्री शिव शंकर सिंह पटेल को मैदान में उतारा गया है।. इसी तरह पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी बस्ती सीट से चुनाव लड़ेंगे।

## ई.डी. ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मोदी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि, ईडी पर दबाव बनाने और अफसरों को डराने के लिए अपनाये जा रहे हथकंडों से न तो जांच रुकेगी और न लालू परिवार दोषमुक्त हो पाएगा। उन्होंने कहा कि, रेलवे की नौकरी के बदले जमीन लेने तथा धन-शोधन (मनी लॉण्डरिंग) के प्रमाण मिलने पर सीबीआई ने आरोप पत्र दायर किया और इस आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पिछले साल से लगातार कार्रवाई कर रहा है। पटना में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से पूछताछ इसी प्रक्रिया की ताजा कड़ी है। भाजपा सांसद ने कहा कि, 10 मार्च 2023 को दिल्ली-पटना में लालू परिवार के विभिन्न परिसरों पर छापा मारा गया और एक करोड़ रुपये नकद तथा 1.25 करोड़ रुपये मूल्य का कीमती सामान जब्त किया गया था। ईडी ने उसी समय छह करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मकान, फ्लैट और दिल्ली का बंगला भी जब्त किया था। ग्यारह नवम्बर 2023 को लालू परिवार के लिए काम करने वाली फर्जी कंपनी ए.के. इन्फोसिस्टम्स और ए.बी. एक्सपोर्ट्स के मालिक अमित कात्याल की गिरफ्तारी हुई। वह अब भी न्यायिक हिरासत में है।

## 'ज्ञानवापी में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से फव्वारा है।

हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत कर अनुरोध किया है कि एडवोकेट कमिश्नर सर्वे के दौरान ज्ञानवापी मस्ज़िद परिसर में मिली जिस संरचना के लिए हिंदू शिवलिंग होने का दावा कर रहे हैं, उसकी विस्तृत जांच के लिए आर्किऑलजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया (ए.एस.आई.) को निर्देश दिए जाए, (वर्तमान में यह स्थल सील किया हुआ है)। यह निवेदन किया गया कि शिवलिंग की मूल संरचना और उसकी सम्बद्ध विशेषताओं का पता लगाने के लिए शिवलिंग का ए.एस.आई. सर्वे जरूरी है।

हिंदू पक्ष ने शिवलिंग की वैज्ञानिक जांच कराए जाने को लेकर प्रस्तुत अपने आवेदन में कहा कि "ए.एस.आई. ने सील्ड एरिया के अलावा पूरे मस्ज़िद परिसर का सर्वे कर लिया है और अब यह जरूरी है कि ए.एस.आई. सील्ड एरिया का भी सर्वे करे अन्यथा सर्वे का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा और सील्ड एरिया संबंधित ए.एस.आई. की कोई रिपोर्ट भी सामने नहीं आएगी।"

हिंदू पक्ष ने आगे कहा है कि "शिवलिंग वाली जगह के चारों और कृत्रिम दीवारें बना दी गई हैं, जो कि एक मॉडर्न कन्स्ट्रक्शन है तथा मूल इमारत से इसका कोई लेना-देना नहीं है। यह मॉडर्न कन्स्ट्रक्शन शिवलिंग से सम्बद्ध मूल विशेषताओं जैसे कि पीठ, पीठिका आदि को ढकने के लिए जानबूझकर किया गया है।"

हिंदू पक्ष की याचिका मस्ज़िद कमेटी की एक लम्बित याचिका के साथ जोड़ दी गई है। ज्ञानवापी मस्ज़िद की देखरेख करने वाली कमेटी ऑफ मैंनेजमैंट अंजुमन इंतज़ामिया मस्ज़िद ने इससे पहले शीर्ष याचिका में एक अपील दायर की थी, जो कि लम्बित है। मस्ज़िद कमेटी की अपील में इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसने ए.एस.आई. को निर्देश दिए थे कि 16 मई 2022 को हुए एडवोकेट कमिश्नर के सर्वे के दौरान जो संरचना पायी गई थी, उसका मस्ज़िद को कोई नुकसान पहुंचाए बिना सर्वे किया जाए।

ए.एस.आई. के सील्ड एरिया को छोड़कर पूरे मस्ज़िद परिसर के सर्वे की रिपोर्ट वाराणसी के एक कोर्ट के सम्मुख 18 दिसम्बर को प्रस्तुत कर दी गई थी।

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने हाल ही आयोजित एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में ए.एस.आई. की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए कहा था कि ज्ञानवापी मस्ज़िद जहां स्थित है, वहां एक बड़ा हिंदू मंदिर था। मस्ज़िद के भीतर स्वास्तिक, सर्प, कमल के फूल और घंटियों के चित्र उकेरे हुए मिले। ए.एस.आई. को सर्वे के दौरान हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां और मंदिर के टूटे हुए खंबों के अवशेष भी मिले।"

# चडीगढ़ युनिवर्सिटी के कुलपति सतनाम सिंह संधू राज्यसभा में मनोनीत

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिसूचना जारी की।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घोषणा पर खुशी जताई तथा शिक्षा के क्षेत्र में संधू के योगदान की प्रशंसा की।**

नयी दिल्ली, 30 जनवरी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति सतनाम सिंह संधू को राज्य सभा के लिए मनोनीत किया है।

राष्ट्रपति भवन की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार मुर्मू ने राज्य सभा में नामित सदस्यों के लिए आरक्षित सीटों पर एक रिक्ति को भरने के लिए संविधान के अनुच्छेद 80 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए संधू की नियुक्ति की है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षाविद् संधू को राज्य सभा के लिए मनोनीत किए जाने जाने पर मंगलवार को प्रसन्नता व्यक्त की। धनखड़ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा , सामुदायिक सेवा में उनका समृद्ध कार्य और शिक्षा, नवाचार और सीखने के प्रति उनका जुनून राज्यसभा के लिए शक्ति का बड़ा स्त्रोत होगा। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में संधू के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि, सदन की कार्यवाही उनके विचारों से समृद्ध होगी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर वक्तव्य में कहा, मुझे प्रसन्नता है कि, राष्ट्रपति जी ने सतनाम सिंह संधू जी को राज्यसभा के लिए नामित किया है।

## 'रिव्यु ऑर्डर्स ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जम्मू कश्मीर में इंटरनैट कनैक्शन के संबंध में दायर समीक्षा आदेश को प्रकाशित करने की मांग की गई थी।

"जब नटराज ने कहा कि याचिककर्ता आदेश प्रकाशित करने की मांग कर रहे हैं तो बैंच ने पूछा समीक्षा आदेश किसलिए हैं? वे अलमारी में बंद करके रखने के लिए नहीं हैं।"

बैंच ने आदेश दिया हमारी राय है कि कमेटी में जो चर्चा हुई उसे प्रकाशित करने की जरूरत नहीं है पर कमेटी द्वारा पारित समीक्षा आदेश प्रकाशित किया जाना चाहिए। नटराज ने दो सप्ताह का समय मांगा इसलिए दो सप्ताह बाद फिर से मामला सुना जाएगा। फाउण्डेशन ऑफ मीडिया की तरफ से पैरवी के लिए उपस्थित एडवोकेट शादान फरासत ने कहा कि प्रशासन को केन्द्र शासित प्रदेश में इंटरनैट पर बैन से संबंधित मूल आदेश व समीक्षा आदेश अनुराधा भसीन बनाम केन्द्र सरकार केस में 2020 के फैसले और टेलीग्राफ एक्ट के तहत प्रकाशित करना चाहिए।

नटराज ने कहा कि, 5 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाने के समय जब इंटरनैट सेवा बंद की गई थी तब ये मुद्दे उठे थे। पूर्व याचिकाओं में जो भी निवेदन किए गए थे हमने सभी पर विचार किया था। एक अवमानना याचिका भी दायर की गई थी जिसे खारिज कर दिया गया था। अब वे विशेष कमेटी की बातचीत और चर्चा को प्रकाशित करने की बात कर रहे हैं। जस्टिस गढ़वी ने कहा कि चर्चा की बात भूल जाइए आप सिर्फ आदेश प्रकाशित कर दें। वे सिर्फ समीक्षा आदेश चाहते हैं।

## 'हमें नीतीश की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुटकुला सुनाते हुए कहा कि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद कुमार अपना मफलर लेने के लिए वापस राजभवन जाते हैं। "इससे गवर्नर को काफी आश्चर्य होता है। वह कहते हैं "क्या नीतीश जी आप इतनी जल्दी वापस आ गए? राहुल ने हंसी के ठहाकों के बीच कहा कि "नीतीश जी ऐसे ही हैं। थोड़ा सा दबाव पड़ने पर वह हथियार डाल देते हैं।" यह स्पष्ट करते हुए कि कुमार दबाव में क्यों हैं? राहुल ने सोशल जस्टिस का जिक्र किया जो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अंतर्गत चाहे गए पांच न्याय में से एक है।

राहुल ने कहा कि "महागठबंधन बिहार में सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करेगा। हमें इसके लिए नीतीश कुमार की जरूरत नहीं है। हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।" इस बीच पूर्णिया की रैली को विफल करने के लिए मोदी सरकार ने हर संभव प्रयास किए। एनफोर्समैंट डॉयरैक्टोरेट (ई.डी.) ने 75 वर्षीय लालू यादव से कल 10 घंटे तक यह सुनिश्चित करने के लिए पूछताछ की कि, उन्हें इतना थका दिया जाए कि वह बंगाल से लगते पूर्वी बिहार के पूर्णिया जिले तक की यात्रा ना कर सकें। ई.डी. ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आज तलब किया, ताकि वह भी रैली को संबोधित करने पूर्णया ना जा सके।

सूत्रों ने बताया कि केन्द्र सरकार की विभिन्न एजेन्सियां इण्डिया गठबंधन के नेताओं को रोकने के कदम इसलिए उठा रही हैं क्योंकि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है और भाजपा उससे चिन्तित है।

## 'हमारी सरकार न पर्ची की है और न खर्ची की...

- **"तुष्टीकरण के आधार पर फैसला हो तो कानून और संविधान बौना हो जाता है। प्रदेश संविधान और कानून से चलेगा, ना कि तुष्टीकरण से।"**

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सेवा के कोई काम नहीं होता था। वह खर्ची की सरकार थी। केन्द्र सरकार से आया हुआ पैसा भी कांग्रेस के नेताओं ने विकास के काम में नहीं लिया, लिया तो कहां लिया, जिसकी जांचें चल रही हैं। ईडी घूम रही है। देख रहे हैं, किस तरह की भ्रष्टाचार की कहानी कहते हैं। राजस्थान जैसा भ्रष्टाचार किसी भी प्रदेश में नहीं हुआ।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि, राजस्थान के 13 जिलों को पेयजल और 2.80 लाख हैक्टेयर जमीन को सिंचाई के लिए पानी मुहैया करवाने वाले ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ई.आर.सी.पी.) पर हमने मात्र 45 दिनों में निर्णय लिया। केन्द्र सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच एम.ओ.यू. हुआ, इस पर राजनीति ठीक नहीं। कांग्रेस ने पिछले 5 सालों तक ई.आर.सी.पी. का सिर्फ जिक्र किया, इसकी फिक्र नहीं की, केवल जनता को गुमराह करते रहे।

ई.आर.सी.पी. के पुराने एम.ओ.यू. को लेकर बार-बार सवाल और हंगामा करने वाले कांग्रेस विधायकों से मुख्यमंत्री ने कहा, यह प्रोजेक्ट भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने बनाया, अब हमने इस पर एम.ओ.यू. किया। आपने तो पिछले 5 साल कुछ किया ही नहीं, अब राज्य की जनता को गुमराह कर रहे हो कि, जो पानी राजस्थान आएगा, वह कम आएगा। ऐसा भ्रम फैलाना और जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर राजनीति करना ठीक नहीं । मध्यप्रदेश पडौसी राज्य होने के बावजूद कांग्रेस उसका सहयोग नहीं ले पाई। जबकि पिछले दिनों खुद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जयपुर आए, मुझे साथ लिया और दिल्ली जाकर ई.आर.सी.पी. पर एम.ओ.यू. किया, वह भी हमारी शर्तों पर । काम करने की मंशा हो तो कुछ भी संभव है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद राजस्थान में कोयला नहीं ला पाए, इस कारण प्रदेश में बिजली संकट उत्पन्न हुआ। महंगी बिजली और घटिया कोयला खरीदकर राज्य का घाटा बढ़ाया। जो कोयला निजी कंपनियों के प्लांट्स में 75 फीसदी तक बिजली उत्पादन करता था, वह सरकारी प्लांट में 50 फीसदी रिजल्ट देता था, क्योंकि उस कोयले में मिट्टी और पत्थर आते थे, लेकिन कोई देखने वाला नहीं था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, कानून का राज कहने और होने में बड़ा अंतर होता है। करौली की घटना मुझे आज भी याद है, जब रामनवमी के जुलूस पर हमला हुआ। उदयपुर में कन्हैयालाल का क्या हाल किया, इससे पूरी दुनिया में प्रदेश की छवि को आघात लगा। जयपुर में एक युवक की हत्या के बाद उसको सांप्रदायिक रंग देकर माहौल खराब करने का काम किया गया। राजस्थान में बढ़ते महिला अपराधों को सदन के नेता ने फर्जी मामले बताया।

सी.एम. ने कहा कि, गहलोत सरकार के समय गैंगस्टर के हौसले इतने बुलंद थे कि जेल से ही उन्होंने अपना रैकेट शुरू कर दिया। प्रदेश में कहीं भी, किसी को भी मारकर या धमकाकर चले जाते थे। पूर्ववर्ती सरकार में खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद थे कि आए दिन पुलिस पिटकर आती थी। पुलिस मजबूर थी क्योंकि वहां के भूमाफिया की सरकार के सांठगांठ थी। हमारा संकल्प है कि जो भ्रष्टाचार करेंगे, उन्हें नहीं छोड़ेंगे, और जो सिफारिश करेगा उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## पूर्णिया रैली में नहीं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

त्याग, तपस्या और बलिदान का रास्ता चुनने के लिए सराहना की।

उन्होंने कहा कि, "आज हम राजनीति के ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब बड़े-बड़े लोग स्वार्थी बन कर अपने छोटे-छोटे फायदों के लिए, अपनी अंतरात्मा का सौदा कर लेते हैं। लेकिन हमारे बीच एक व्यक्ति ऐसा भी है जो केवल सिद्धांतों पर राजनीति करता है और वह राजनीति के माध्यम से लोगों को केवल देने के बारे में सोचता है। वह व्यक्ति राहुल गांधी है।" उन्होंने कहा कि, यह गर्व की बात है कि, राहुल ने हर भारतीय को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, "आज का दिन दो कारणों से बेहद अहम है, पहला, आज महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि है, दूसरा, आज ही के दिन, राहुल गांधी ने अपनी पहली "भारत जोड़ो यात्रा" का समापन किया था।"

खड़गे बोले, "कट्टरता से कभी किसी देश का भला नहीं हो सकता। आज कांग्रेस बहुत मजबूत स्थिति में है, जिससे भाजपा बहुत बैचेन है, इसीलिए वह "इंडिया गठबंधन" को तोड़ने का काम कर रही है।"

उन्होंने आरोप लगाया, ई.डी., सी.बी.आई., आई.टी. सभी व्यस्त हैं। जो भी खेल महाराष्ट्र और बिहार में हुआ, वह जारी रहेगा, यहां तक कि लालू यादव के परिवार को भी परेशान किया जा रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री के विरूद्ध भी सरकार ई.डी. का दुरूपयोग कर रही है। आप सबसे अपील है कि, ऐसा करने वालों को दंडित करें।

खड़गे ने कहा, मोदी जी ने बेरोजगारी और महंगाई को लेकर जो वादे किये थे, उससे उलट काम किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ-भाजपा के लोग अपने भाषणों में समानता की बात करते हैं, लेकिन वास्तविकता में वे धनवानों को और अधिक धनवान तथा निर्धन वर्ग को और अधिक गरीब बनाने का काम कर रहे हैं। खड़गे ने आगे कहा कि, "आगामी चुनाव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ा जा रहा है। हम इस लड़ाई को लड़ने के लिए आपसे वोट मांगते हैं। मुझे विश्वास है कि आप सभी "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" के विचार घर-घर तक पहुंचाएंगे।

# चंडीगढ़ में भाजपा के मेयर की जीत को हाई...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मिलकर चुनाव लड़ने के कारण आप उम्मीदवार के जीतने की भारी संभावना थी।

आप-कांग्रेस गठबंधन ने युक्तिपूर्वक विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवार चुने। आप का प्रतिनिधित्व करने वाले कुमार ने मेयर पद के लिए चुनाव लड़ा, जबकि, कांग्रेस ने सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर के लिए प्रत्याशी मैदान में उतारे।

सीनियर डिप्टी मेयर पोस्ट के लिए भाजपा के कुलदीप संधू का मुकाबला कांग्रेस के गुरप्रीत गाबी से था, जबकि, डिप्टी मेयर पद के लिए स्पर्धा भाजपा के रजिंदर शर्मा और कांग्रेस की निर्मला देवी के बीच थी।

यूनियन टैरिटरी मेयर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत की घोषणा के कुछ ही घंटों के अंदर, निर्वाचित आप पार्षद कुलदीप कुमार चुनाव प्रक्रिया रद्द करने की मांग लेकर पंजाब एण्ड हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गए।

उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया कि, सेवानिवृत्त हाईकोर्ट जज की निगरानी में, नियम व कानून के तहत स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया फिर से करवाने के निर्देश दिए जाएं।

कुमार ने स्पैशल इन्वैस्टिगेटिंग टीम जैसी किसी स्वतंत्र एजेन्सी से चुनाव प्रक्रिया की जांच करवाने की मांग की, जिसका नेतृत्व यूनियन टैरिटरी सुपरिन्टैन्डैन्ट ऑफ पुलिस के हाथ में हो।

केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और अन्य उत्तरदाताओं के लिए 30 जनवरी को हुई चुनाव की पूरी पक्रिया को न्यायालय के अधीन सील करने, संरक्षित करने और उच्च न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए निर्देश भी मांगे गए, जिसमें मनपत्रों का रिकॉर्ड, चुनाव प्रक्रिया की कार्यवाही और वीडियोग्राफी शामिल है।

कुमार ने प्रतिवादी मनोज कुमार सोनकर को, मेयर के कार्यों के निर्वहन से रोकने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया। अधिवक्ता आर.पी.एस. बारा, के.एस. खरबन्दा और फेरी सोफत के माध्यम से दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता की ओर से, वरिष्ठ अधिवक्ता गुरमिन्दर सिंह के बहस करने की आशा है।

दिन भर घटी घटनाओं की जानकारी देते हुए, याचिकाकर्ता ने बताया कि समस्या तब शुरु हुई जब पीठासीन अधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को सभी उपस्थित लोगों को एक तरफ हटने से पहले ही मतपेटी को मेज़ पर रखी ट्रे में खाली करने का आदेश दे दिया। इसके पश्चात उन्होंने सदन में घोषणा की कि वह वोटों की गिनती शुरु करने जा रहे हैं, जिसके बाद कांग्रेस और "आप" पार्षदों ने तुरंत यह मुद्दा उठाया कि प्रत्येक दल जो कि चुनाव लड़ रहा है, का एक मनोनीत पार्षद, निर्वाचित पीठासीन अधिकारी के साथ, इस गिनती में शामिल होना चाहिए, जिससे नियमों और उदाहरणों के अनुसार डाले गए वोटों की स्थिति की निगरानी हो सके।

उन्होंने कहा कि, प्रत्येक वोट की जाँच परख के लिए पीठासीन अधिकारी के साथ निर्वाचित पार्षदों की भी आवश्यकता होती है। किसी मत पर यदि कोई चिन्ह या कुछ अन्य निशान पाया जाता है तो उसे गिनती के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। इस तरह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मतों को वैध और अवैध के रूप में अलग किया जाता है। लेकिन पीठासीन अधिकारी ने बहुत ही लचर तरीके से सदन को बताया कि वह चुनाव लड़ने वाले दलों द्वारा नामित सदस्यों से कोई सहायता नहीं चाहते हैं और मतों की गणना स्वयं ही करेंगे। आश्चर्य की बात यह है कि डिप्टी कमिश्नर चुप्पी साधे रहे तथा चुनाव कराने के लिए नियुक्त, संयुक्त आयुक्त या नगर निगम सचिव ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई।

याचिकाकर्ता ने आगे बताया कि, पीठासीन अधिकारी के सामने तीन टोकरियाँ रखी गई थीं, एक "आप" उम्मीदवारों के लिए, दूसरी भाजपा और तीसरी अवैध मतों के लिए। याचिकाकर्ता न कहा कि, वीडियोग्राफी से यह स्पष्ट हो गया है कि पीठासीन अधिकारी ने भ्रम पैदा करने के लिए मतों को एक टोकरी से दूसरी टोकरी में डाल दिया और इस दौरान "उन्होंने जालसाजी और छेड़छाड़ करके चुनावी प्रक्रिया से पूरी तरह से समझौता किया।

उन्होंने अक्कड़ तरीके से व्यवहार किया। उच्च न्यायालय द्वारा विधिवत आदेशित "वीडियोग्राफी" में यह आसानी से देखा जा सकता है कि वोटों में फेरबदल करने के बाद उन्होंने संदिग्ध तरीके से व्यवहार किया और स्पष्टत: वो डाले गए मतों से छेड़छाड़ कर रहे थे।

याचिकाकर्ता ने कहा कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह का यह कृत्य, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या के अलावा कुछ नहीं था। इसके अलावा, यह कृत्य न केवल अवैध है बल्कि अपमानजनक भी है, क्योंकि इससे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के संबंध में तथा चुनाव प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के संबंध में दिए गए निर्देशों का प्रतिवादियों द्वारा उल्लंघन किया गया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908